डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज
रविवार
17 मार्च 2024



मंगल पांडे बने स्वास्थ्य मंत्री सुनील कुमार शिक्षा मंत्री

2



## 04 जून को नतीजे, 85 वर्ष व इससे ऊपर के वोटर इस बार घर से ही दे सकेंगे वोट

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, 19 अप्रैल से 01 जून के बीच सात फेज में वोटिंग

- चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता भी लागू
- इस चुनाव में 1.8 करोड़ वोटर पहली बार वोट डालेंगे
- लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्कम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होंगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इस बार 543 सीटों के लिए लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। तीसरे चरण के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। 13 मई को चौथे चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। पांचवे चरण का मतदान 20 मई को होगा। 25 मई को छठे चरण और 1 जून को सातवें और अंतिम चरण का चुनाव होगा। लोकसभा चुनाव के साथ ही चार राज्यों में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्कम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इससे पहले निर्वाचन आयोग ने कहा कि हम चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस बार युवा वोटर अच्छी संख्या में हैं। 18 से 19 साल की 85 लाख महिला वोटर हैं। 19-29 साल के 19.74 करोड़ वोटर हैं। 1.8 करोड़ वोटर पहली बार वोट डालेंगे। इस बार 85 साल के वोटर घर से ही वोट दे सकेंगे।









### भारत में अमेरिका की तुलना में करीब चार गुना अधिक वोटर

इस बार करीब 96.88 करोड़ वोटर 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 49 करोड़ 72 लाख पुरुष मतदाता हैं। वहीं, 47.1 करोड़ महिला वोटर हैं। भारत में अमेरिका की तुलना में लगभग चार गुना अधिक वोटर हैं। देश में कुल वोटरों की संख्या यूरोप के देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इस बार वोटर लिस्ट में 2.3 करोड़ नए मतदाता जुड़े हैं। इस बार लोकसभा चुनाव कराने में 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी की गई है। आयोग ने तिथियों की घोषणा करने से पहले सभी राज्यों जाकर हालात का जायजा लिया और उसी के हिसाब से मतदान की तारीखों के साथ ही अन्य तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि इस बार करीब 97 करोड़ मतदाता हैं, जिनके लिए 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सुचारू ढंग से मतदान संपन्न कराने के लिए 1.5 करोड़ चुनाव अधिकारी लगाए गए हैं। मतदान के लिए 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव पर नजर रखने के लिए आयोग ने 2,100 पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं।

### वोटर्स के लिए हर बूथ पर होंगी विशेष सुविधाएं

वोटर्स के लिए हर बूथ पर पीने का पानी, पुरुष-महिला के लिए अलग शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर आदि मौजूद रहेंगे। कहा, हमारे पास 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्र, 1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी, 55 लाख ईवीएम, 4 लाख वाहन हैं।

**2019 में कैसे थे नतीजे:** 23 मई 2019 को आए चुनाव नतीजों में भाजपा को 303 सीटें मिलीं थीं। भाजपा 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के आंकड़े 272 से काफी आगे थी। इस जीत के साथ पार्टी ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। मुख्य विपक्षी कांग्रेस को 52 सीटों से संतोष करना पड़ा था।

### गलत सूचना पर एक्शन

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मिसइंफॉर्मेशन यानी गलत सूचना के मामले में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। फेक न्यूज फैलानों वालों पर ऐक्शन होगा। आईटी ऐक्ट के तहत कार्रवाई होगी। सभी जिलों में लोगों को ट्रेनिंग दी गई है। चुनाव आयोग जल्द ही एक नई वेबसाइट लांच करने जा रहे हैं। इसमें मिथ बनाम रिएलिटी के बारे में बताया जाएगा। इसमें बताया जाएगा कि मिथ क्या है और उसकी सच्चाई क्या है।

**कहीं पैसे बांटने का केस है तो फोटो खींचकर हमें भेजें:** मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी तरह के संदिग्ध ट्रांजैक्शंस पर नजर रखी जाएगी। साड़ी, कुकर आदि बांटने वालों पर नजर रहेगी। धनबल के दुरुपयोग को लेकर सख्ती बरती जाएगी। मसल पावर पर कंट्रोल करेंगे। हिंसा का चुनाव में कोई स्थान नहीं होगा। हर जिले में कंट्रोल रूम, जिसमें पांच फीड्स होंगे। कहा कि अगर कहीं पैसे बांटने का केस है तो फोटो खींचकर हमें भेजें। हम आपकी लोकेशन ट्रैस करके ऐक्शन सुनिश्चित करेंगे।

### बिहार की 40 सीटों पर कब-कब पड़ेंगे वोट

- पहला चरण- औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई
- दूसरा चरण- किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका
- तीसरा चरण- झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया
- चौथा चरण- दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर
- पांचवां चरण- सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण, हाजीपुर
- छठा चरण - वाल्मीकिनगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सिवान, महाराजगंज
- सातवां चरण- नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकट।

### बिहार में 7.66 करोड़ मतदाता

पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्य निर्वाचन पधाधिकारी एचआर श्रीनिवासन ने बिहार वासियों से अपील है कि आप आगामी चुनाव में वोट देने जरूर आएं। बिहार में 40 लोकसभा सीट है। इसमें 34 सामान्य और 6 रिजर्व लोकसभा सीट हैं। बिहार में 7.66 करोड़ मतदाता हैं। 100 साल से ज्यादा वोटर 21 हजार के लगभग हैं। 9.26 लाख नए मतदाता इस साल बने हैं। 1.6 करोड़ मतदाता 20 से 29 साल के हैं। इस चुनाव में युवाओं की भागीदारी अधिक है। महिला वोटरों कि संख्या में भी इजाफा हुआ है। 29 साल से कम के 1.73 लाख मतदाता हैं। यूनिवर्सिटी और कॉलेज में स्कूल जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं कि वह मतदान करने जाएं। 85 वर्ष से ऊपर के लोग 6.67 लाख हैं, वह पोस्टल बैलट के लिए पात्र हैं।

## लोकसभा चुनाव के साथ ही 13 राज्यों में 26 विधानसभा सीट के लिए होंगे उपचुनाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव के साथ ही 13 राज्यों के विधानसभा के उप चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया है। आयोग ने उन 26 सीटों को लेकर एलान किया है, जहां या तो लंबे समय से सीट खाली है या सीट पर मौजूदा शख्स की मौत हो चुकी है। जिन राज्यों में विधानसभा के उप चुनाव होने हैं, उनमें बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं।

**कहां किस चरण में चुनाव:** बंगाल में दो सीट खाली है। जिसके लिए सातवें चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, गुजरात में पांच सीट खाली हैं, जिसमें विजयपुर, खामभट, पोरबंदर जैसी सीटें शामिल हैं। इस राज्य में तीसरे चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, हरियाणा झारखंड, महाराष्ट्र और त्रिपुरा में एक-एक सीट खाली है। यहां क्रमशः छठे, पांचवे, दूसरे और पहले चरण में उप चुनाव होगा।

**उत्तर प्रदेश मेंचार सीटें खाली:** वहीं, उत्तर प्रदेश में चार विधानसभा सीटें खाली हैं। यह सीटें ददरौल, लखनऊ ईस्ट, गैंसारी और दुद्धी (एसटी) हैं। विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होने हैं। सारी सीटों पर अलग-अलग चरण में उप चुनाव होगा। पश्चिम बंगाल में दो विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं। भगवनगोला सीट पर तीसरे चरण और बारानगर सीट पर सातवें चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी एक-एक विधानसभा सीट खाली है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटें खाली हैं। यहां सारी सीटों पर सातवें चरण में उप चुनाव होगा।

### लोस चुनाव की तिथियों के दिन ही उपचुनाव के लिए डाले जाएंगे वोट

राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाण और गुजरात समेत 13 राज्यों में विधानसभा की 26 सीटों के लिए भी मतदान कराए जाएंगे। संबंधित राज्यों में लोकसभा चुनाव की तिथियों के दिन ही उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इनमें हिमाचल में सबसे अधिक छह, गुजरात में पांच और उत्तर प्रदेश में चार सीटें हैं।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली राहत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

शराब नीति घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। राउज एवेन्यू कोर्ट से सीएम को जमानत मिल गई है। कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत अर्जी को मंजूर करते हुए 15 हजार रुपये के मुचलके और एक लाख के सिक्योरिटी बांड पर बेल दी। ईडी के समन का पालना ना करने पर ईडी ने अदालत में जो शिकायतें की थी उस मामले में केजरीवाल को जमानत मिली। इसके बाद अरविंद केजरीवाल के वकील ने अदालत से गुजारिश की कि उनके क्लाइंट को जाने दिया जाए और इस मामले में बहस जारी रखी जाए। अदालत ने केजरीवाल को कोर्ट से जाने की इजाजत दी और केजरीवाल अदालत से निकल गए।

## कांग्रेस चाहे कितने भी कपड़े बदल ले उसकी करतूतें नहीं बदलतीं: मोदी

**एजेंसी/बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दक्षिण के दो राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए पीएम मोदी लगातार रैलियां कर रहे हैं। पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना का दौरा किया। इसके बाद वह कर्नाटक पहुंचे। कर्नाटक के कलबुर्गी में उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती। इसलिए कर्नाटक में जनता जाग चुकी है, आक्रोश और गुस्से से लाल है। इतने कम समय में ही जनता का मोहभंग हो जाना दिखाता है कि लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया है। उन्होंने कहा कि एक बार कोयले से कालिख दूर हो सकती है, लेकिन कांग्रेस से करप्शन दूर नहीं हो सकता। इन परिवारवादियों के लिए भ्रष्टाचार ही ऑक्सीजन है। बिना भ्रष्टाचार के ये लोग सियासत में सांस भी नहीं ले सकते।

## राहुल गांधी का भाजपा पर हमला... बोले- चुनावी बॉन्ड योजना अंतरराष्ट्रीय स्तर का जबरन वसूली रैकेट है

**एजेंसी/मुंबई**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने चुनावी बॉन्ड योजना को सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला जबरन वसूली रैकेट बताया। बता दें, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी महाराष्ट्र के थाने में जंभाली नाका के पास लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया, 'चुनावी बॉन्ड योजना अंतरराष्ट्रीय स्तर का जबरन वसूली रैकेट है। जो लोग इसका विरोध करते हैं, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग उनके पीछे पड़ जाते हैं। चुनावी बॉन्ड योजना का सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में हुए बगावत से दो पार्टियों के विभाजित होने पर सवाल उठाते हुए राहुल ने कहा, 'क्या आपको लगता है कि महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक मुफ्त में चले गए?'

**कोविड-19 से 50 लाख लोगों की मौत:** कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछड़े समुदायों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य श्रेणी के गरीबों की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सरकारी और निजी क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर उनका प्रतिनिधित्व बेहद कम है। उन्होंने दावा किया कि भारत में कोविड-19 से 50 लाख लोगों की मौत हुई।

### विभागों द्वारा संचालित सेवाओं के लाभार्थियों को कार्ड बनवाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

# शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी योगी सरकार

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार उत्तर प्रदेश में शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सेवाओं के लाभार्थियों को फैमिली कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, विभागों को भी शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें खासतौर पर समाज कल्याण, महिला कल्याण तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड और राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए लाभार्थियों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत सरकार द्वारा ये भी सुविधा दी जा रही है कि यदि फैमिली आईडी के माध्यम से परिवार के किसी सदस्य का जाति/निवास प्रमाण पत्र जारी होता है तो अन्य सदस्यों के जाति/निवास प्रमाण पत्र सरलता से प्राप्त किए जा सकेंगे।



**डीबीटी योजनाओं को फैमिली आईडी से किया जा रहा लिंक:** प्रदेश में फैमिली आईडी की शत प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य पोषित समस्त लाभार्थीपरक (डीबीटी) योजनाओं की आधार अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचना जारी की गई है। समस्य योजनाओं, सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं आधार अधिप्रमाणन की अनिवार्यता की जा रही है। वहीं, महत्वपूर्ण लाभार्थीपरक (डीबीटी) योजनाओं के लाभार्थियों की आवेदन के साथ ही फैमिली आईडी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत डीबीटी योजनाओं को फैमिली आईडी के साथ लिंक किया जा रहा है। शासन स्तर से अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड नवीन आवेदनकताओं को उपलब्ध कराए जाने के लिए आदेश निर्गत किए जा चुके हैं।

**विभागों के साथ साझा की जा रही सूची :** योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के लिए सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कॉलिंग एवं डीपीओ द्वारा सत्यापन कर 32 हजार संभावित लाभार्थियों की पहचान की गई है। इसी तरह राशन कार्ड से वंचित 16 लाख पेंशन धारकों का सत्यापन कर राशन कार्ड से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची राशन कार्ड विभाग के साथ साझा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 3.37 लाख एकल सदस्य परिवार (वृद्धजन) का सत्यापन कर वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची विभाग के साथ साझा की गई है। जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु के 2.14 लाख एकल सदस्य परिवार (निराश्रित महिला) का सत्यापन कर निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी से राजस्व विभाग की सेवाओं का भी सरलीकरण किया गया है। इसके तहत परिवार से किसी सदस्य का जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी होने के बाद फैमिली आईडी डेटाबेस के उपयोग से अन्य सदस्यों के जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया आसान हुई है।

**वंचित एवं पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है उद्देश्य:** फैमिली आईडीः एक परिवार एक पहचान योजना का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वंचित एवं पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करना है। प्रदेश के प्रत्येक परिवार को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराना और प्रदेश में निवासित समस्त परिवारों को प्रदान की जा रही योजनाओं को सम्मिलित करते हुए फैमिली ई पासबुक जारी की जा रही है। योजना के लाभार्थी राशनकार्ड धारक के साथ ही गैर राशनकार्ड धारक भी हैं। राशनकार्ड धारकों के लिए उनका राशनकार्ड नंबर ही फैमिली आईडी है। इसके तहत 3.57 करोड़ परिवार और 14.88 करोड़ सदस्य हैं।



## मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा, अशोक चौधरी ग्रामीण कार्य विभाग देखेंगे

# मंगल पांडे फिर बने स्वास्थ्य मंत्री सुनील कुमार को शिक्षा का जिम्मा

**केटी न्यूज/पटना**

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा को खान एवं भू-तत्व, पथ निर्माण, और कला संस्कृति एवं युवा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है, जदयू विधायक विजय कुमार चौधरी को संसदीय कार्य मंत्री और जल संसाधन मंत्री बनाया गया है। बिजेंद्र यादव को ऊर्जा के और योजना एवं विकास विभाग का मंत्री बनाया गया है। बीजेपी विधायक प्रेम कुमार को सहकारिता और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का मंत्री बनाया गया है। जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रोद्योगिकी और लघु जल संसाधन और आपदा प्रबंधन की भी जिम्मेदारी मिली है।

**सुरेंद्र मेहता बने खेल मंत्री:** वहीं कृष्णनंदन पासवान को गन्ना उद्योग विभाग का जिम्मा मिला है। जयंत राज को भवन निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का जिम्मा दिया गया है।



बीजेपी एमएलसी मंगल पांडे को स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सुमित सिंह को विज्ञान प्रोद्योगिकी, रेणु देवी को पशु मत्स्य संसाधन विभाग मिला है। वहीं मंगल पांडे को स्वास्थ्य मंत्रालय और कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। नीरज कुमार बबलू को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य विभाग, लेसी सिंह को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग मिला है। नीतीश कुमार के एनडीए में वापसी और फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही बीजेपी जातीय समीकरण पर पूरा फोकस कर रही है। नीतीश कुमार के साथ दो डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी को बनाया गया था। उसमें भी जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की गई थी। नीतीश कुमार खुद कुर्मी जाति के हैं, तो सम्राट चौधरी कुशवाहा या कोइरी जाति के हैं।

### शपथ लेने वाले मंत्रियों का जातीय समीकरण

6 सवर्ण, 6 दलित, 4 अति पिछड़ा, 4 पिछड़ा, 1 मुस्लिम

**बीजेपी**

रेणु देवी (नोनिया) अति पिछड़ा-पशु मत्स्य संसाधन विभाग
मंगल पांडेय (ब्राम्हण) सवर्ण-स्वास्थ्य विभाग
नीतीश मिश्रा (ब्राम्हण) सवर्ण-उद्योग और पर्यटन विभाग मिला
नीरज कुमार सिंह (राजपूत) सवर्ण-लोक स्वाथ्य अभियंता विभाग मिला
नितीन नवीन (कायस्थ) सवर्ण- नगर विकाश एव आवास और कानून मंत्रालय
दिलीप जायसवाल (वैश्य) पिछड़ा- राजस्य एव भूमि सुधर मिला
संतोष सिंह (राजपूत) सवर्ण- श्रम संसाधन विभाग मिला
जनक राम (चमार) दलित- अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति कल्याण
केदार प्रसाद गुप्ता (वैश्य) पिछड़ा -पंचयती राज्य मंत्री
हरी सहनी (मल्लाह) अति पिछड़ा- पिछड़ा वर्ग एव अतिपिछड़ा कल्याण विभाग
कृष्णनंदन पासवान (पासवान) दलित- गन्ना उद्योग विभाग
सुरेन्द्र मेहता (कुशवाहा) पिछड़ा -खेल विभाग

**जेडीयू**

अशोक चौधरी (पासी) दलित- ग्रामीण कार्य विभाग
लेसी सिंह (राजपूत) सवर्ण- खाद्य एव उपभोक्ता संरक्षण
महेश्वर हजारी (पासवान) दलित-IPRD
जयंत राज (कुशवाहा) पिछड़ा-भवन निर्माण विभाग
सुनील कुमार (चमार) दलित-शिक्षा मंत्री
जमा खान (पठान) सवर्ण मुस्लिम- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग
शीला मंडल (धानुक) अति पिछड़ा -परिवहन विभाग
रत्नेश सदा (मुसहर) दलित- मद्य निषेद उत्पाद विभाग
मदन सहनी (मल्लाह) अति पिछड़ा-समाज कल्याण विभाग

# शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक के कारण अभ्यर्थियों को परेशानी हुई, ऐसा क्यों हुआ: तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 15 मार्च को ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपरलीक मामले में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने सवाल पूछा है कि तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक के कारण चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों को परेशानी हुई है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? तेजस्वी यादव ने आगे लिखा कि हमने 17 महीनों में चार लाख से अधिक लोगों को नौकरियां दीं, कभी भी किसी नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ। अब ऐसा क्यों हो रहा है?

**सभी नियुक्ति निष्पक्ष, पारदर्शी और सहज प्रक्रिया से हुई:** तेजस्वी यादव ने आगे लिखा कि हमने केवल 70 दिनों में दो चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के जरिए दो लाख से अधिक टीचर की नियुक्ति की। शिक्षक भर्ती परीक्षा के दोनों चरणों में 17 लाख से अधिक अभ्यर्थी होने के बावजूद भी कभी किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। सभी नियुक्ति निष्पक्ष, पारदर्शी और सहज प्रक्रिया से हुई। अब ऐसी कौन सी ताकत और तत्व बिहार सरकार में है जिसके कारण तीसरे चरण की नियुक्ति के लाखों परिक्षार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है? पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि तीसरे चरण में भी एक लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति का नीतिगत निर्णय हमारे कार्यकाल में हमने कराया था। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि अब यह एनडीए सरकार इसे लटका, अटका और भटका रही है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

**ईओयू ने 250 को हिरासत में लिया, जांच-पड़ताल कर रही:** बता दें कि तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक होने की चर्चा थी। इसके बाद आर्थिक अपराध इकाई ने झारखंड पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटे में करीब ढाई सौ अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया। इन सभी को हजारीबाग से पटना लाया गया। इधर, बीपीएससी का कहना है कि इस मामले की जांच ईओयू कर रही है। जांच में जो बात निकलकर सामने आएगी, उसके आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं छात्र नेता दिलीप कुमार टीआरई 3 पेपरलीक को सबूत के साथ उजागर करने का दावा किया है। उन्होंने परीक्षा रद्द कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।






# बालू कारोबारी पुंज सिंह व कृष्ण मोहन सिंह के ठिकानों पर छापा

**केटी न्यूज/आरा**

बालू सिंडिकेट में जुड़े धनबाद के बड़े बालू कारोबारी पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डायरेक्ट के पद पर तैनात हैं। पुंज सिंह गनारायण सिंह और उनके बेटे सतीश कुमार के साथ मिलकर बालू का कारोबार करते हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह के कई ठिकानों पर रेड कर रही है। इसी कड़ी में बिहार में भोजपुर जिले के कोईलवर के धनडीहा स्थित श्रीराम वाटिका में भी ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। यह मामला 250 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी का बताया जा रहा है। अब इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम एक्शन में आई है और अलग - अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही बालू कारोबारी कृष्ण मोहन सिंह के घर भी ईडी की टीम द्वारा की जा रही है छापेमारी की जा रही है। ईडी की टीम कृष्ण मोहन सिंह केनगर थाना क्षेत्र के आन्नंद नगर मुहल्ला स्थित आवास पर रेड कर रही है। ईडी की 6 सदस्यीय टीम कृष्ण मोहन सिंह के चल अंचल संपत्ति की जांच पड़ताल कर रही है। कृष्ण मोहन सिंह बिहार के सबसे बड़े बालू की कंपनी ब्रॉडसन के अध्यक्ष रह चुके हैं।

मालूम हो कि, पुंज कुमार सिंह ब्रॉडसन के निदेशक भी रहे हैं। इससे पहले पिछले साल सितंबर में पुंज सिंह को ईडी ने किया गिरफ्तार किया है। बालू सिंडिकेट में पहले राधाचरण सेठ कन्हैया जगनारायण सिंह और सतीश कुमार के बाद ईडी ने सिंडिकेट से जुड़े धनबाद के बड़े बालू कारोबारी पुंज सिंह उर्फ पूरण सिंह को गिरफ्तार किया है।

# बेतिया में बोलेरो और ट्रैक्टर में टक्कर, एक की मौत, 6 घायल

**केटी न्यूज/बेतिया**

बिहार के बेतिया में बारातियों से भरी बोलेरो कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाराती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया गया है। जबकि एक को परिजन गोरखपुर लेकर चले गए हैं। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। हालांकि तीन घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथवलिया-लोहियरिया मुख्य मार्ग स्थित बरवाचाप पैक्स गोदाम के पास की है।

मृतक की पहचान बोलेरो ड्राइवर कुमारबाग थाना क्षेत्र के जबदौल गांव निवासी आनंद दूबे के बेटे मुकेश कुमार दूबे (28) के रूप में की गई है। जबकि घायलों की पहचान कुमारबाग थाना क्षेत्र के महुआवर गांव निवासी दिवंगत विशुन महतो के बेटे अकबली प्रसाद (60), दिवंगत भोला शाह के बेटे शेषनाथ साह (65), दिवंगत रामप्रीत महतो के बेटे शत्रुघ्न प्रसाद (55), मनीलाल शर्मा के बेटे सत्येंद्र कुमार (25), विकाउ यादव के बेटे विरेंद्र यादव (25) और नखराथ पंडित (45) के रूप में की गई है। घायल शत्रुघ्न प्रसाद के परिजनों ने बताया कि शत्रुघ्न की स्थिति गंभीर है। उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया तो हमलोग गोरखपुर लेकर जा रहे हैं। वहीं, पांच अन्य लोगों का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, बारातियों से भरी बोलेरो कार लोहियरिया की तरफ से कैथवलिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान टेंट का सामान लेकर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से आमने-सामने टक्कर हो गई।

## बेगूसराय में दुकान में घुसकर लूटपाट

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अपराधियों ने हथियार के बल पर एक व्यवसायी से दुकान में घुसकर दो लाख रुपये सहित सोने की चेन की लूटपाट की। व्यवसायी के विरोध करने पर अपराधियों ने उसे पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र के चट्टी रोड की है। व्यवसायी की पहचान नारायण हिसारिया के बेटे जयप्रकाश हिसारिया के रूप में की गई है।

## सहेली से बुर्का मंगाया फिर प्रेमी संग स्कूल से ही फरार हो गई छात्रा, पकड़ाई

**जमुई।** जमुई में प्रेमी के साथ बंगाल भाग रही प्रेमिका (17) को जीआरपी पुलिस ने पकड़ा है। प्रेम-प्रसंग में 2 लड़कों ने एक नाबालिग (17) को स्कूल से भगा लिया। प्रेमी नाबालिग प्रेमिका को शादी की नीयत से शुक्रवार को भगाकर बंगाल ले जा रहा था। इसी दौरान इस मामले की जानकारी जमुई जीआरपी को मिली। जीआरपी ने उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर प्लेटफार्म नंबर एक से पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों से अलग-अलग पूछताछ की। इसके बाद सारी सच्चाई सामने आई। जीआरपी ने इस मामले की जानकारी चंद्रदीप थाना की पुलिस को दी है।

शुक्रवार रात चंद्रदीप पुलिस स्टेशन पर पहुंचकर नाबालिग और दोनों लड़के को अपने साथ थाने ले गई है। बता दें कि प्रेमिका ने स्कूल से भागने की बात बताई है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे प्लेटफार्म नंबर-1 पर 2 युवक और एक नाबालिग को काफी देर तक बैठे देखा गया। गश्ती में लगे जीआरपी जवानों ने जब उनसे पूछताछ की तो तीनों ने गोल-मोल जवाब दिया। इसकी वजह से जीआरपी को उन पर शक हुआ। पुलिस तीनों को थाने ले आई। जहां पूछताछ में यह बात सामने आई कि चंद्रदीप थाना क्षेत्र के सहोड़ा गांव के रामवृक्ष यादव की नाबालिग बेटी का गांव के ही मोहम्मद ताज अंसारी से अफेयर चल रहा था। शुक्रवार दोपहर छात्रा इंटर का एग्जाम देने के लिए स्कूल गई थी। यहां से वह दोपहर में प्लानिंग के तहत अपने प्रेमी के साथ भाग गई।










केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# अधिकारियों ने की अनुमंडलीय अस्पताल की जांच, मिलीं कई खामियां

- डुमरांव विधायक की शिकायत पर जांच करने पहुंची थी टीम
- मरीजों के मुकाबले डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य कर्मियों की घोर कमी मिली

**केटी न्यूज/डुमरांव**

विभागीय जांच पदाधिकारी गिरीजेश कुमार व डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक रही। परंतु अस्पताल में पोस्टिंग के हिसाब से डॉक्टरों की संख्या दिखाई दी। वहीं स्वास्थ्य कर्मी भी नदारद रहे। इसके अलावे भी कई बिंदुओं पर जांच टीम ने नाराजगी जताई तथा कार्य शैली में अविलंब सुधार लाने का निर्देश दिया। जबकि दवा काउंटर पर बैठने वाले कर्मी के आउट लुक पर फटकार लगाई गई। जबकि ओपीडी में डॉ. बिरेन्द्र राम व हड्डी रोग विशेष सुमित सौरभ मौजूद थे। वहीं सैकड़ों मरीज भी कतार में खड़े अपने बारी का इंतजार कर रहे थे। यह जांच डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह की शिकायत पर किया गया था। बता दें कि इसके पहले डुमरांव विधायक की जांच में कई खामियां पाई गई थी, वही उन्होंने यहां की बदहाल स्थिति तथा डाक्टरों की कमी का मुद्दा बिहार विधान सभा में उठाया था। इसके बाद यहां तीन नयें डाक्टरों की नियुक्ति की गई है। बावजूद व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्त नहीं हो सका। हालांकि जांच टीम ने क्या क्या खामियां पाई। इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। जांच टीम में शामिल एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि यहां डाक्टरों की कमी है। एसडीओ ने कहा कि जब वे लोग



जांच करने पहुंचे तो करीब 350 मरीज वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को सौपी जाएगी। हालांकि, इस जांच से कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

**सप्ताह में 48 घंटा करना है ड्यूटी:** सरकार का आदेश है कि डॉक्टरों को एक सप्ताह में कम से कम 48 घंटा ड्यूटी करना है। जानकार सूत्रों का कहना है कि अनुमंडल अस्पताल में कई ऐसे डॉक्टर है जो सप्ताह में एक दिन आते है। और 24 घंटा एक ही साथ ड्यूटी दिखाकर गायब हो जाते है। जबकि सभी डॉक्टरों को सप्ताह में दह दिन ओपीडी में बैठकर मरीजों का इलाज करना है। इस हिसाब से वह महीना में चार दिन नौकरी करते है और सरकार से पूरे माह की मोटी सैलरी ले लेते है। हालांकि इस बात को लेकर कई बार शिकायत भी हुई है। परंतु अधिकारियों के नजरअंदाज कर फायदा डॉक्टर उठा रहे है। और अपनी मनमर्जी कर रहे है।

## इंटरनेट धीरे चलने से डॉक्टर व मरीज परेशान

**डुमरांव।** अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टर को दिया गया लैपटॉप सिस्टम से ही मरीज को पर्ची सिस्टम में एंट्री कर कर दवा लिख कर प्रिंटआउट पर्ची का देना है। वही डॉक्टर वीरेंद्र राम व सुमित सौरभ ने बताया की यह सिस्टम तो सही है लेकिन अचानक इसको लाकर रख देना कहीं ना कहीं मरीजों के लिए दिक्कत की सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर वीरेंद्र राम ने बताया कि सिस्टम से एंट्री करना कोई दिक्कत की बात नहीं है लेकिन कुछ दिन कलम सेबी मरीजों को दवा लिखा जाए तो बेहतर रहेगा आगे धीरे-धीरे इको सिस्टम द्वारा ही देखने की प्रक्रिया लागू कर दिया जाता सिस्टम के कारण काफी मरीज को समय देना पड़ रहा है और इंटरनेट धीरे चलता है। जिसके कारण मरीजों की एंट्री करने में काफी देरी हो रही है।



जिसके कारण मरीज बिना दिखाए हुए ही अस्पताल से वापस चले जाते हैं। अस्पताल में गार्ड भी तैनात है लेकिन फिर भी डॉक्टर के टेबल पर काफी संख्या में मरीजों की भीड़ देखने को मिला वही गार्ड से पूछे जाने पर गार्ड ने बताया कि डॉक्टर की देखने की प्रक्रिया की सिस्टम जो चेंज हुआ है उसके कारण काफी देर हो रही है और बहुत ज्यादा देर तक मरीज लाइन में लग करके इंतजार नहीं कर रहे हैं। और समय के अनुसार डॉक्टर मरीज को देख रहे हैं।

### एसडीओ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वालों पर रखेंगे नजर

# डीएम ने आदर्श आचार संहिता पालन कराने का दिया निर्देश

- रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच नहीं बजेगा लाउड स्पीकर
- 24 घंटे के अंदर सरकारी भवनों से बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन चुनावी मोड में आ गया है। इसी कड़ी में डीएम अंशुल अग्रवाल ने अपने मातहतों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर जिलेभर में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में उन्होंने कहा कि बक्सर व डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय पर दोनों जगहों के एसडीओ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखेंगे। जबकि अंचलों में सीओ तथा नगर परिषद या नगर पंचायत क्षेत्र में वहां के कार्यपालक पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराएंगे। वही डीएम ने कहा कि पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराना है। इस दौरान रात दस बजे से सुबह छह बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं होगा। शेष समय में सक्षम प्राधिकार से अनुमति के बाद ही इसका प्रयोग करना है। इसके अलावे डीएम ने आदर्श आचार संहिता लागू होने पर 24 घंटे के अंदर सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों की दीवारों आदि जगहों से राजनैतिक, धार्मिक पोस्टरों को हटाने का निर्देश दिया। इसके अलावे 48 घंटे के अंदर सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि एवं 72 घंटे के अंदर संपूर्ण जिले के सभी निजी एवं अन्य स्थानों से सभी प्रकार के बैनर, पोस्टर, झंडा इत्यादि को हटाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान सभी प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले प्रचार प्रसार, आम सभा एवं नुक्कड़ सभा की वीडियोग्राफी कराने एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा उसका प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में आदर्श आचार संहिता कोषांग एवं विधि व्यवस्था को प्रतिदिन देने का निर्देश दिया। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि जो भी वांछित लोग है उन पर कड़ी नजर रखी जाए। जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. महेन्द्र पाल, अपर समाहर्ता, नोडल पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता कोषांग, नोडल पदाधिकारी विधि व्यवस्था कोषांग, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बक्सर धीरज कुमार मिश्र, डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार, बक्सर तथा डुमरांव के डीसीएलआर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, बीडीओ तथा सीओ इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद थे।

## स्थापना दिवस पर किला मैदान से जेल घाट तक आयोजित होगी मैराथन दौड़




- रविवार को धूम धाम से मनाया जाएगा जिले का स्थापना दिवस

**केटी न्यूज/बक्सर**

आज बक्सर जिले का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसकी आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। पूर्व संध्या पर इसकी रूपरेखा बना ली गई है। वही डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस पर सुबह साढ़े सात बजे से नौ बजे तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह मैराथन दौड़ प्रतियोगिता किला मैदान से शुरू होकर जेल घाट तक जाएगी। इस मैराथन दौड़ को सफल बनाने के लिए शारीरिक शिक्षा के जिला उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए प्रतिनियोजित शिक्षकों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण एवं टी-शर्ट वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया है कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए अपने स्तर से जिला मुख्यालय स्थित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराएंगे। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया गया कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के लिए किला मैदान बक्सर की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने पर प्राथमिक उपचार किए जाने हेतु पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीम, प्राथमिक उपचार किट एवं एंबुलेंस आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। एसडीओ एवं डीएसपी को निर्देश दिया गया है कि मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार के विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

## रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

**डुमरांव।** शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, डुमरांव मे रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर बी प्रसाद ने की। बैठक मे सर्व प्रथम रोगी कल्याण समिति के बरिष्ठ सदस्य स्व. डॉक्टर अजय कुमार सिंह के निधन होने पर सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और प्रार्थना किया गया कि प्रभु उनको अपने श्री चरणों में स्थान दे। बैठक मे आउट सोर्सिंग से संचालित जेनरेटर का एक अक्टूबर 2023 से फरवरी 2024 तक का बिल पास किया गया। वही आशा और एनम के मीटिंग के लिए 30 कुर्सी खरीदने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। साथ मे रजिस्टेज्शन रूम के लिए भी दो कुर्सी खरीदने का प्रस्ताव लाया गया।

## शादी का झांसा दे सिपाही दो वर्ष से नाबालिग का कर था शारीरिक शोषण

- दूसरी लड़की से शादी के बाद किशोरी ने डुमरांव थाने में दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाने में पद स्थापित रहे बिहार पुलिस के एक जवान पर इसी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने शादी का झांसा दे दो वर्षों तक यौन शोषण करने तथा बाद में दूसरी लड़की से शादी का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से सिपाही छुट्टी पर चला गया है। जबकि पुलिस उसकी खोजबीन शुरू कर चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार दो वर्ष पहले ही डुमरांव थाने में अनिल कुमार नाम के एक सिपाही की पोस्टिंग हुई थी। वर्ष 2022 में ही एक मेले के दौरान उसकी मुलाकात किशोरी से हुई। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। उक्त सिपाही शादी का झांसा दे किशोरी का यौन शोषण करते रहा। लेकिन बाद में दूसरी लड़की से शादी कर लिया। फिलहाल उसकी तैनाती बक्सर पुलिस लाईन में की गई है। जब किशोरी को इस बात की जानकारी हुई तो वह अपने परिजनों के साथ डुमरांव थाने में पहुंच सिपाही के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस उसकी तफ्तीश में जुट गई है। हालांकि, वह छुट्टी का बहाना बना फरार हो गया है। डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भूमिहीन किसानों के लिए आय का अच्छा स्त्रोत है मशरूम उत्पादन : किरण भारती

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



ब्रह्मपुर प्रखंड के ई किसान भवन में एकीकृत उद्यान विकास मिशन योजनान्तर्गत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थी महिला एवं पुरुष किसानों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। बता दें कि यह प्रशिक्षण जिला उद्यान निदेशालय कृषि विभाग बक्सर के बैनर तले एकीकृत उद्यान विकास मिशन योजना के तहत आयोजित किया गया था। जिसमें दो दिवसीय मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय डुमरांव के कृषि वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश कुमार एवं सहायक उद्यान निदेशक किरण भारती, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी शशिभूषण यादव तथा मशरूम मास्टर ट्रेनर शिवम कुमार के कुशल नेतृत्व में कृषि वैज्ञानिक डॉ मिथिलेश कुमार द्वारा ओएस्टर, वटन एवं गरमा किस्म के मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मिथिलेश ने किसानों को मशरूम के उत्पादन से लेकर उसके रख रखाव की जानकारी विस्तार से दी और कहा कि यह किसानों का आय बढ़ाने वाला सबसे सस्ता और बढ़िया खेती है। उन्होंने किसानों को मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित भी किया। इस प्रशिक्षण में बक्सर, ब्रह्मपुर, सिमरी, केसठ, चौगाई, डुमरांव तथा नावानगर से कुल 50 किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। वहीं प्रशिक्षण समापन के समय मौके पर उपस्थित उद्यान सहायक निदेशक किरण भारती ने कहा कि किसानों के लिए मशरूम उत्पादन आय का एक अच्छा स्त्रोत है।

### टीबी के मरीजों को 6 महीने तक 500 रुपए प्रतिमाह आर्थिक मदद भी दी जा रही है

# टीबी के प्रति जागरूक करने में निक्षय दिवस की भूमिका अहमः डॉ. शालिग्राम

- जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर मनाया गया निक्षय दिवस
- लोगों को टीबी के इलाज और बचाव की दी गई जानकारी, किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत हर माह की भांति 16 मार्च को जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी के लक्षण वाले जिले भर के सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही, लोगों को टीबी के लक्षण, उससे बचाव व इलाज की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि निक्षय दिवस के माध्यम से सरकार ने टीबी के मामलों की पहचान को गति देने और लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया है। निक्षय दिवस के माध्यम से लोगों को टीबी के प्रति न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि संदिग्ध मामलों को चिह्नित करते हुए उनकी जांच भी कराई जा रही है। पंचायतों में स्थित स्वास्थ्य संस्थानों में इस प्रकार के अभियान और सुविधाओं की बदौलत लोगों को काफी



सहूलियत हुई है। अब जांच के लिए उन्हें मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होती। एचडब्ल्यूसी पर वो अपने बलगम का सैंपल दे देते हैं। जिसकी जांच रिपोर्ट उनको पहुंचा दी जाती है।

**लोगों को दी गई टीबी के लक्षण की पहचान की जानकारी:** सदर प्रखंड अंतर्गत कुलहड़िया स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ मनीषा कुमारी ने बताया कि निक्षय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने लोगों को बताया कि किसी भी व्यक्ति को दो हफ्ते से अधिक खांसी का होना, लगातार बुखार होना, रात में पसीना आना और वजन बढ़ना-घटना आदि टीबी बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लोगों को सरकार के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। जिनमें जांच के साथ-साथ टीबी की दवाई उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी के मरीजों को 6 महीने तक 500 रुपए प्रतिमाह आर्थिक मदद भी दी जा रही है, ताकि मरीज उचित खुराक ले सके। उन्होंने बताया कि टीबी के फैलने का मुख्य कारण इस बीमारी के लिए लोगों को सचेत न होना और इसे शुरूआती दौर में गंभीरता से न लेना है। टीबी किसी को भी हो सकता है, लेकिन नियमित दवा के सेवन से यह ठीक भी हो जाता है। उन्होंने लोगों से टीबी मरीजों से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की भी अपील की।

**एचडब्ल्यूसी पर भी दे सकते हैं बलगमः** जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया, टीबी के लक्षण दिखाई देने पर लोग अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपनी जांच कराएं। इसके लिए जिले में स्थित डुमरांव अनुमंडल अस्पताल, ब्रह्मपुर व सिमरी सीएचसी के साथ सदर अस्पताल, बक्सर में ट्रू-नॉट जांच की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, जिला यक्ष्मा केंद्र पर सीबी-नॉट से मरीजों में टीबी की जांच की जाती है। साथ ही, केसठ, चक्की और चौसा के सरैया एपीएचसी में टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के लिए बलगम माइक्रोस्कोपिक जांच की सुविधा है।

## एक नजर

### बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

**नावानगर।** सोनवर्षा पंचायत के महादेवगंज में बिजली चोरी करते तीन लोगों को जेई विपिन किशोर ने पकड़ा है। इसको लेकर जेई ने जुमार्ना के साथ सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। शुक्रवार को जेई ने बताया कि बीते गुरुवार को बिजली कंपनी के एसडीओ राकेश कुमार दूबे को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में कुछ लोगों द्वारा चोरी से बिजली का उपयोग किया जा रहा हैं। सूचना पर एसडीओ के निर्देश पर जेई ने टीम गठित कर उक्त गांव में बिजली जांच अभियान चलाया। जांच अभियान में उक्त गांव से दो लोग वगैर कनेक्शन के तथा एक टोका फंसाकर चोरी से बिजली उपयोग करते पकड़े गए। उन्होंने बताया है कि पकड़े गए लोगों में तेज नारायण सिंह कुशवाहा पर 53932 रुपए, राजकुमार सिंह पर 53932 रुपए तथा विरेन्द्र सिंह पर 20684 रुपए। जुर्माना की राशि निर्धारित कर सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत, नहीं हो सकी पहचान

**डुमरांव।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह अप प्लेटफार्म पर पंचमंदिर के पीछे पोल संख्या 645/1 के समीप घटित हुई है। इसकी सूचना मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले पहले पहचान का प्रयास किया। लेकिन जब पहचान नहीं हुई तो उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इसकी पुष्टि करते हुए जीआरपी थानाध्यक्ष अरुण पासवान ने बताया कि शव के पहचान का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आस पास के थानों तथा विभिन्न सोसल साइटो पर तस्वीर भेज शिनाख्त में सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम के बाद पहचान के लिए नियमों के मुताबिक 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखा जाएगा।

### प्रखंड में चुनावी प्रक्रिया हुई शुरू, बीडीओ ने की जांच

**केसठ।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रखंड में चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड विकाश पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने स्थानीय उच्च विद्यालय रघुनाथपुर का जांच किया। जांच के दौरान उन्होंने पाया की विद्यालय की आठ शौचालय में से चार की स्थिति सही थी, वही शेष चार की साफ सफाई के लिए हेडमास्टर को निर्देश दिए। उन्होंने बताया की पूर्व से ही उच्च विद्यालय रघुनाथपुर का चयन चुनाव में अर्धसैनिक बलों के ठहराव के लिए किया गया था। लोक सभा चुनाव को मद्दे नजर रखते हुए इसका भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान पाया गया की विद्यालय के स्टाफ रूम में गंदगी फैली हुई थी। जिसका सफाई करने के लिए हेडमास्टर को निर्देशित किया गया। अर्ध सैनिक बलों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो उसके लियें अन्य विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इसी कड़ी में बीडीओ ने मुख्यमंत्री आवासयोजना के तहत बन रहे आवासो का जायजा लिया। उन्होंने कुल आठ आवासो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की तीन लाभुक पैसा लेकर भी अभी तक आवस कार्य शुरू नहीं किये थे, जिन्हें एक सप्ताह के अन्दर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन नहीं करने पर राशि वसूली जाएगी।

### बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौगाईं के कनीय विद्युत अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ डुमरांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विद्युत ऊर्जा चोरी के दौरान विभाग को हुई राजस्व की क्षति के आरोप में जुमार्ना भी लगाया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार थाना क्षेत्र के हाता गांव निवासी महेश राम पर 9148 रुपये, बीरेंद्र सिंह पर 13323 रुपये, भरखरा गांव निवासी सुशील पांडेय 18032 रुपये, रामजी यादव पर 33948 रुपये और सुरेंद्र राम पर 36140 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अनीशा राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जिला स्थापना दिवस पर निकलेगी प्रभात फेरी

**केसठ।** 17 मार्च को जिला स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिसको ले जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों में कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत केसठ प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय केसठ, अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ व मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को उक्त अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से केसठ बजार तक प्रभात फेरी निकालने का निर्देश दिया गया। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी केसठ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने दिया।

### गंगा पर 3-लेन पुल की राशि मंजूर

**बक्सर।** गंगा पर 3-लेन पुल की राशि मंजूर होने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण हो जाने से यातायात सुगम होने के साथ यह पुल बिहार और उत्तर प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने इसे लेकर केंद्रीय सड़क, परिवहन राजमार्ग मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया था। कुल 531.61 करोड़ राशि गंगा नदी पर एक अतिरिक्त 3-लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के बीच कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।



# सांसद ने पीरो, जगदीशपुर और आरा में विभिन्न योजनाओ का किया शिलान्यास

♦ पीरो मे पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण और जगदीशपुर मे बाबु कुंवर सिंह प्रवेश द्वार का शिलान्यास सांसद आरके सिंह ने किया

**केटी न्यूज/आरा**

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा सांसद आर के सिंह ने शनिवार को भोजपुर जिला को कई सौगात दी। सबसे पहले उन्होंने पीरो पड़ाव मैदान का सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। यह योजना पावर फाइनेंस कार्पोरेशन के सौजन्य से तीन करोड़ से अधिक राशि मे बनकर तैयार होगी। जिससे पीरो क्षेत्र के लोगो को एक सुन्दर,स्वच्छ और सभी सुविधा जनक मैदान मिलेगा। पीरो पड़ाव मैदान मे भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे एक वृहत कार्यक्रम हुआ। जिसमे केन्द्रीय मंत्री ने पीरो के लिए अस्पताल का जीणोद्धार करने की घोषणा की गई, जिसको बनाने मे 26 लाख रुपए से अधिक राशि खर्च होगी। सांसद आरके सिंह ने जनता की मांग पर प्रतिक्षित आरा-रांची एक्सप्रेस का ठहराव 17 मार्च से पीरो मे होने की घोषणा की।



पीरो के कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष सहित मंडल अध्यक्ष मनोज सुमन,पीरो नगर परिषद अध्यक्ष किरण देवी,सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह,विजय सिंह,शंभु चौरसिया, सहित भाजपा कार्यकर्ता और हजारों जनता शामिल हुए। वहीं जगदीशपुर बस पड़ाव मैदान नयका टोला मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने किया। सांसद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा जगदीशपुर मे 4.71 करोड़ की लागत से बाबु कुंवर सिंह प्रवेश द्वार का शिलान्यास रिमोट दबा कर किया गया। इसके साथ ही सांसद द्वारा बस पड़ाव का निर्माण कराने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम मे दक्षिण बिहार क्षेत्रीय सह प्रभारी मिथिलेश कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार,विवेक कुशवाहा,उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी व अन्य शामिल हुए। इस अवसर पर विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेन्द्र सिंह,जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित भाजपा पदाधिकारी और अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### ओवरलोड और बिना चालान के बालू की ढुलाई में आठ ट्रक व एक ट्रैक्टर जब्त, एक गिरफ्तार

**आरा।** अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान के दौरान पीरो अनुमंडल इलाके में आठ ट्रक एवं एक ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।? सभी वाहनों को ओवरलोडिंग और बिना चालान के बालू की ढुलाई करने के आरोप में पकड़ा गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शनिवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बताया गया कि डीएम राजकुमार और एसपी के निर्देश पर जिले भर में अवैध बालू खनन एवं परिवहन कें खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में शुक्रवार की रात पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में पीरो, इमादपुर और सिकरहट्टा थाना क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाया गया। उस दौरान ओवरलोड और बिना चालान के बालू की ढुलाई में आठ ट्रक एवं एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। एक बालू तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जब्त वाहनों से फाइन वसूलने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी में तीनों थानों के थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**औरंगाबाद।** गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर रफीगंज रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच में होगी। जानकारी के अनुसार पोल संख्या 508/27-29 के समीप ट्रैक पर एक युवक का शव कुछ लोगों द्वारा देखा गया। इसकी सूचना रफीगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष कविता कुमारी को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम पहुंची और रेलवे विभाग से संपर्क स्थापित कर आगे की प्रक्रिया में जुट गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गयी है। शव की पहचान के लिए थाना क्षेत्र के साथ-साथ अन्य थानों में सूचना दी गयी है। वरीय अधिकारियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया है। तय समय के अनुसार अगर शव की शिनाख्त नहीं होती है तो सरकार प्रावधान के अनुसार दाह संस्कार कराया जायेगा।

### पहाड़ी पर बसे लोगों के बीच पेयजल संकट गहराया, पानी के लिए भटकने को मजबूर

**गया।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है वैसे-वैसे शहर में स्थित पहाड़ी पर रहने लोगों पानी के लिए परेशान हो रहे है। पहाड़ी पर पेयजल का संकट गहरा गया है। लोग पानी के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहे है। शहर में स्थित ब्रह्मयोनि, मंगलागौरी, समीर तक्या, मुराली हिल, कटारी हिल एवं रामशिला पहाड़ी पर बसे कई मोहल्ले में पेयजल की समस्या बनी है। चुनावी सत्र में भी लोगों की प्यास बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। नगर निगम एवं बुडको के अनदेखी के कारण चापाकल और प्याऊ की स्थित शहर में बहुत खराब है। पहाड़ी पर बसे एक बड़ी आबादी पानी के लिए तरस रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन का विस्तार भी नहीं किया है। जहां पाइपलाइन बिछा है उससे पानी नहीं पहुंच रहा है। नगर निगम को टैक्स देने के बाद भी पहाड़ी पर बसे लोग प्यास है। मार्च माह तो पानी के लिए लोग तरह रहे है। मई और जून माह में क्या होगा कहा नहीं जा सकता है। शहर के उतरी क्षेत्र में स्थित रामशिला पर कई मोहल्ले है। जहां वार्ड संख्या पांच के चार हजार आबादी पहाड़ी पर रहते है। पहाड़ी पर बम बाबा , शास्त्री नगर, संजय नगर, ठाकुरबाड़ी एवं रामशिला मोहल्ले है। पानी नहीं मिलने से उक्त मोहल्ला के लोग काफी परेशानी है। वार्ड पार्षद रफीया गजला का कहना है कि पहाड़ी के नीचे बसे लोगों को पानी मिल रहा है। लेकिन पहाड़ी पर बसे लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। पानी को लेकर लोगों को परेशानी उठाना पड़ रहा है। शहर के वार्ड संख्या 11 में मुरलीहिल पहाड़ी स्थित है।

## खबरें फटाफट

### दो बाइक की सीधी भिड़ंत में युवक जख्मी, पटना रेफर

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव के समीप शनिवार की दोपहर दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। उसमें एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दूसरा बाइक सवार युवक भी मामूली रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद धोबहां थाना गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी प्रमोद सिंह का 30 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार सिंह है। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह वह बाइक से किसी काम से आरा आया था। शनिवार की दोपहर वह बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान महुली गांव के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### मोबाइल छिनतई के दौरान चलती ट्रेन से गिरकर किशोर घायल, पटना रेफर

**आरा।** बिहिया स्टेशन पर शनिवार की दोपहर मोबाइल छिनतई के दौरान एक किशोर चलती ट्रेन से गिर पड़ा। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी किशोर टाउन थाना क्षेत्र के मीराचक मोहल्ला निवासी शत्रुघन पांडेय का 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार है। शत्रुघन पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मौसी के गांव बक्सर के डुमरांव गया था। शनिवार की दोपहर वह ट्रेन से वापस आरा लौट रहा था। वह ट्रेन के गेट के पास बैठा हुआ था। बिहिया स्टेशन ट्रेन पर पहुंची, तो एक उचक्का उसके हाथ से मोबाइल छिनने लगा। उस दौरान उच्चके द्वारा मोबाइल के बदले उसके हाथ खींच दिया गया ।लगा। उससे वह ट्रेन से गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद रेल पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आर सदस्य अस्पताल ले गया।

## दो देसी पिस्टल, दो फायर खोखा, 11 जिंदा कारतूस एवं एक पर्चा बरामद

# बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जुटे दो नक्सलियों को पुलिस ने दबोचा

♦ औरंगाबाद जिले के पौथू थाना की पुलिस को मिली सफलता

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अवैध हथियार के साथ दो नक्सलियों को पौथू थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। जबकि चार मौके से फरार हो गए। ये सभी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक थे, लेकिन इसके पुर्व ज़िला पुलीस एवं एसटीएफ पटना ने संयुक्त कार्रवाई में दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो देसी पिस्टल, दो फायर किया हुआ खोखा, 11 जिंदा कारतूस एवं एक लिखा हुआ माओवादी का पर्चा बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सली की पहचान ज़िले के गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत जुझारपुर गांव निवासी 52 वर्षीय ललन यादव एवं काली बिगहा गांव निवासी 26 वर्षीय सर्वेश भगत उर्फ श्रवण निराला के रूप में की गई है।

सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन संजय कुमार पांडे ने कहा कि बीते दिनों ईट भट्ठा मालिक से फोन पर रंगदारी मांगने की सूचना मिली थी जिसके अलोक में एक टीम का गठन किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर छानबीन की जा रही थी। इसी क्रम में सूचना के सत्यापन को लेकर पौथू थाना क्षेत्र के बनाही कर्मा जाने वाली मुख्य सड़क से उत्तर की ओर पगडंडी पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को देख छह नक्सली पिस्टल से फायर करने लगें। मौके पर थानाध्यक्ष आकाश कुमार द्वारा सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य नक्सली मौके से फरार हों गए। पकड़े गए नक्सली ललन यादव का अपराधिक इतिहास रहा है। वहीं सर्वेश भगत उर्फ श्रवण निराला का पता लगाया जा रहा है। यह कार्रवाई जिला पुलिस एवं एसटीएफ पटना की संयुक्त छापेमारी की गई। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि संदर्भ में कांड दर्ज.कर फरार नक्सलियों की तलाश की जा रही है। वहीं इन पकड़े गए नक्सलियों को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। इनकी गिरफ्तारी से नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। इनके विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा ताकि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हों सके।



### ठाकुरबाड़ी से भगवान राम और सीता की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी, लोगों में गुस्सा

**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी से भगवान राम और सीता की अष्टधातु की मूर्तियों की चोरी कर ली गयी। चोरी गयी मूर्तियों की कीमत लाखों में आंकी जा रही है। शनिवार की सुबह महिलाएं पूजा करने ठाकुरबाड़ी गई, तो चोरी की जानकारी मिली। उससे पूरे गांव में सनसनी मच गयी। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि हाट पोखर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से चोरों द्वारा निशाना बनाकर रात के अंधेरे में भगवान राम और सीता की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली गई। शनिवार की सुबह चोरी की घटना सामने आने लगे पुलिस को सूचना दी गई। तब पुलिस ठाकुरबाड़ी पहुंची और घटना की छानबीन की। पुलिस हर बिंदु से छानबीन कर मूर्तियों की बरामदगी में लगी है। इधर, ग्रामीण चंदन चौबे ने बताया कि कई वर्षों से ठाकुरबाड़ी में भगवान राम और सीता की मूर्ति स्थापित की गई है। उसमें गांव के महिला और पुरुष श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं। चंदन चौबे ने बताया कि चोरी गयी मूर्तियों की कीमत लाखों में है।

# पुरानी दुश्मनी में पूर्व मुखिया को मारी गोली, हथियार के साथ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

शाहपुर थाना क्षेत्र के सरैया मठिया स्थित पान दुकान के समीप शनिवार की शाम एक पूर्व मुखिया सह शिक्षक को गोली मार दी गयी। गोली उनके दाहिने कमर के पिछले हिस्से में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी शिक्षक शाहपुर थाना क्षेत्र बिलौटी गांव निवासी स्व. मुखी राम के 49 वर्षीय अशोक कुमार है। वह शाहपुर प्रखंड के हरिहरपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय में शिक्षक हैं। वह पूर्व में शाहपुर प्रखंड के बिलौटी पंचायत के मुखिया भी रह चुके हैं। घटना के बाद देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वह सरैया गांव निवासी मुनमुन यादव है?। उसके पास से गोली मारने में इस्तेमाल पिस्टल और एक गोली भी बरामद की गयी है ।शिक्षक अशोक कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार की शाम स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहे थे। उस दौरान वह सरैया मठिया स्थित दुकान पर बाइक रोक पान खा रहे थे। तभी आरोपित दौड़कर आया और उन्हें गोली मार दी। उसके बाद वह उन्हें गाली-गलौज करने लगा। उस दौरान करीब तीन राउंड फायरिंग भी की। तब वह भाग कर गुमटीनुमा दुकान के पीछे छुप गए। इसके बाद आरोपित वहां से भाग निकला। सूत्रों के अनुसार दो वर्ष पूर्व सरस्वती पूजा के दौरान हुए विवाद को लेकर पूर्व मुखिया सह शिक्षक को गोली मारने की बात सामने आ रही है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर एक मात्र आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पिस्टल और एक गोली भी बरामद की गयी है। पूर्व के विवाद में गोली मारी गई है। घटना की पूरी छानबीन की जा रही है।



**ऑपरेशन कर निकाली गयी फंसी गोली**

बताया जा रहा है कि अशोक कुमार 2006 में बिलौटी पंचायत से चुनाव जीते थे। वह वर्ष 2011 तक बिलौटी पंचायत के मुखिया थे। उनका इलाज कर रहे डा.विकास सिंह ने बताया कि गोली से जख्मी हालत में पूर्व मुखिया सह शिक्षक आए हैं। उन्हें दाहिने साइड कमर के पिछले हिस्से में गोली लगी थी, जो मलद्वार के रास्ते को डैमेज करते दाहिने जांघ फंस गई थी। ऑपरेशन कर फंसे बुलेट को निकाल दिया गया है। डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है। मरीज की स्थिति स्टेबल है।

# घर और कार से 215 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक धंधेबाज को पुलिस ने पकड़ा

♦ नगर और बड़हरा इलाके में शुक्रवार की रात पुलिस ने जब्त की शराब

**आरा।** होली और लोकसभा चुनाव को लेकर भोजपुर पुलिस द्वारा शराब एवं तस्करों के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस द्वारा शुक्रवार की रात नगर व बड़हरा थाना क्षेत्र से 215 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। एक सूमो कार भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार तस्कर नगर थाने के रामगढ़िया मीठा कुआं निवासी कुंदन कुमार है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात सूचना मिली कि बड़हरा थाना क्षेत्र के भूसौला गांव में तस्करों द्वारा सूमो कार से अंग्रेजी शराब की खेप लायी गयी है। उस आधार पर शराब बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम की ओर से तत्काल कार्रवाई करते हुए भूसौला गांव में छापेमारी कर सूमो कार जब्त की गयी। तलाशी के दौरान कार से विभिन्न ब्रांड की 114 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। हालांकि कोई तस्कर पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए तस्करों की पहचान व धरपकड़ की कोशिश की जा रही है। छापेमारी टीम में ट्रेनी दारोगा जैनी कुमारी और पीटीसी राजीव कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। उसी रात नगर थाना क्षेत्र के रामगढ़िया मीठा कुआं निवासी कुंदन कुमार के घर शराब की तस्करी की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में पीटीसी नवीन कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस कर्मियों व क्रॉस मोबाइल के जवानों द्वारा कुंदन कुमार के घर छापेमारी कर 101 लीटर व्हिस्की बरामद की गयी।

**अवैध शराब के खिलाफ अभियान**

# उत्पाद विभाग की कार्रवाई में ट्रक में लदा लाखों रुपए का अंग्रेजी शराब जब्त

♦ पंजाब से मंगाई गई थी अंग्रेजी शराब


**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

होली के मद्देनजर बिहार में शराब की डिमांड काफी बढ़ जाती है जिसे पूरा करने के लिए अंतरराज्यीय शराब माफिया बिहार के अलग-अलग क्षेत्र में अंग्रेजी विदेशी शराब की खेप खपाने लगे हुए हैं। शराब माफियाओं का यह खेल दिन-रात चल रहा है जिस पर अंकुश लगाने के लिए उत्पाद विभाग की टीम भरसक प्रयास कर रही है। ताजा मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र के एरका चेक- पोस्ट की हैं। जहां एक ट्रक से लदा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप जब्त किया है जिसकी कीमत 30 लाख से अधिक रुपए बताई जा रही है। साथ एक एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। तस्कर की पहचान पंजाब के गुरदासपुर ज़िला अंतर्गत कलानौर थाना क्षेत्र के बिशनकोट गांव निवासी सुखवंत सिंह के रूप में की गई है। यह कार्रवाई कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत एरका चेक पोस्ट पर की गई। इस



कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर कार्रवाई के फलस्वरूप एक ट्रक से लदा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है जिसकी कुल मात्रा -3224 लीटर हैं। साथ ही मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पूछ-ताछ में तस्कर ने बताया कि डिमांड के अनुसार शराब को पंजाब से लाया जा रहा है और एक निश्चित जगह पहुंचाना हैं। उन्होंने बताया कि मामले में आवश्यक पूछ-ताछ के उपरांत तस्कर को जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग के कई जवान शामिल थे।



## खबरें फटाफट

### यात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**चंदौली।** डीडीयू रेल मंडल के रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा डेहरी ऑन सोन स्टेशन प्लेटफार्म व गाडियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे टोल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करने के लिये जागरूक किया गया । महिला कोच व विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा ना करने,किसी अपरिचित से मेलजोल ना बढ़ाने, ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा ना करने और ऐसे बच्चे जो अकेले भूले भटके सहमें हुए दिखाई दे तो रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को सूचना देनें चलती ट्रेन में पत्थर ना फेकने आदि के संबंध में जागरूक किया गया।

### सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत

**गाजीपुर।** वाराणसी से गाजीपुर फोरलेन पर थाना क्षेत्र के रामपुर बंतरा हाइ-वे पर शुक्रवार को देर शाम करीब चार बजे सड़क पार कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति की अज्ञात ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतक के घर घटना की सूचना दे दी गई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इलाके के थाना दुल्लहपुर के मीरपुर निवासी मिठाईलाल यादव उर्फ मिट्ठू (45) शुक्रवार की देर शाम करीब चार बजे बंतरा हाइ-वे पर सड़क पार कर रहे थे। तभी वाराणसी से गाजीपुर की तरफ जा रहे एक मिनी ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक का पहिया उनके ऊपर चढ़ जाने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक जल मिशन योजना के विकास कंपनी में ट्रैक्टर चलाते थे। इसका एक कार्यालय रामपुर बंतरा हाइ-वे पर भी है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेने के साथ ही मृतक के घर सूचना भेज दी है।

# सुकन्या समृद्धि योजना का कमजोर वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव

- पीजी कालेज में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित गाजीपुर में सुकन्या समृद्धि योजना का कमजोर वर्ग पर प्रभाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्नातकोत्तर कॉलेज गाजीपुर में संपन्न हुआ है। कार्यशाला समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ रूचि मूर्ति सिंह ने अपना अनुभव साझा किया। शोध परियोजना के अंतर्गत शोध परिणामों को लेकर जानकारी दी गई। यह कार्यशाला दो सत्रों में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी के साथ चंद्रशेखर यादव एएसडीएम सदर, संजय कुमार सोनी जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं युनीसेफ से रिजवाना परवीन एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राघवेन्द्र कुमार पांडेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एसडी सिंह परिहार मुख्य नियंता ने सुकन्या समृद्धि योजना पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र के दौरान प्रमुख अनुसंधान कर्ता डॉ रूचि मूर्ति सिंह द्वारा अपने अनुसंधान के परिणामों से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए कहा गया कि गाजीपुर जैसे पिछड़े जनपद में सुकन्या समृद्धि योजना का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस योजना से गाजीपुर जनपद की मुख्यतः कमजोर वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं विशेष रूप से लाभान्वित व सशक्त हो रहीं हैं। उन्होंने इस योजना को इस पिछड़े हुए क्षेत्र के लिए नारी सशक्तिकरण के मार्ग में दीर्घकालिक कदम के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना की जनपद में प्रासंगिकता, प्रभावशीलता एवं कार्य क्षमता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में लगभग 120 प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें प्राध्यापक , शोधार्थी, ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बैंक, पोस्ट ऑफिस के विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी आदि सम्मिलित रहे। अंत में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने हितधारक के रूप में इण्डियन बैंक के शाखा प्रबंधक विपुल कुमार सिंह एवं गाजीपुर जनपद में महिलाओं के प्रति अपराध को कम करने के क्षेत्र में विशेष कार्य संचालन हेतु शिवानन्द राय व अंकुर शुक्ला को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया है।

## डीएम की अपील : अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया की भ्रामक खबर को पुष्ट कर लें

# आचार संहिता लगते ही उतरने लगे पोस्टर

- भवनों से हटाए जा रहे होंडिंग व बगैर, अब बिना अनुमति नहीं होंगे कार्यक्रम
- मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों से मतदान के लिये की अपील

**केटी न्यूज/ गाजीपुर/चंदौली**




लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान शनिवार को चुनाव आयोग ने कर दिया। चंदौली संसदीय सीट पर एक जून को मतदान होगा। तारीख के ऐलान के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का कार्य शुरू हो गए। जनपद के विभिन्न कोतवाली और थाना क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों ने बैनर पोस्टर उतरवाए। आदर्श आचार संहिता लगते ही मुगलसराय के चकिया तिराहे पर विभिन्न पार्टियों के लगे होडिंग-बैनर एसीपी विनय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी विराज पांडेय, सीओ अनिरुद्ध सिंह, कोतवाल पुलिस के साथ नगर पालिका कर्मियों के द्वारा उतरवाए गए। लोकसभा चुनाव की घोषणा चुनाव आयोग ने कर दी है। वहीं गाजीपुर में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। इस बात की पुष्टि डीएम गाजीपुर आर्यका अखौरी और एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने मीडिया से की। उन्होंने बताया कि हमारी तैयारी पहले से ही पूर्ण हो चुकी है और निष्पक्ष और शुचिता पूर्ण चुनाव कराने के लिए हम कटिबद्ध हैं। डीएम और एपी ने संयुक्त रूप से नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया की भ्रामक खबर को पहले पुष्ट कर लें और उसे न फैलाएं। जनपद में केंद्रीय सुरक्षा बल की एक टुकड़ी आ चुकी है।

### 14 लाख 59 हजार 559 मतदाता चुनेंगे जिले का सांसद

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीका राम फुंडे शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 14 लाख 59599 मतदाता है। मुगलसराय विधानसभा में 220581 पुरुष 189927 महिला व 35 थर्ड जेंडर,सकलडीहा विधानसभा में 180719 पुरुष 157568 महिला सात जेंडर, सैयद राजा विधानसभा में एक लाख 80 हजार 364 पुरुष 155932 महिला दो थर्ड जेंडर, चकिया विधानसभा में 198 531 पुरुष,176129 महिला और चार थर्ड जेंडर है। यहीं नहीं इसमें 19208 मतदाता 18 वर्ष के हैं। वहीं 17047 80 वर्ष के और 9001 दिव्यांग मतदाता शामिल है। वहीं जनपद को 21 जोन और 118 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें मुगलसराय 5 जोन 30 सेक्टर, सकलडीहा 5 जोन 22 सेक्टर, सैदराजा 6 जोन 26 सेक्टर चकिया 5 जोन 40 सेक्टर बनाए गए हैं। वही चंदौली में कुल 1400 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया के पहले तक वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने के लिए इलेक्शन कमीशन के साइट पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं।

## लोकतंत्र का है वरदान... उठो जागो करो मतदान

**चंदौली।** लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है। इसको लेकर शनिवार को सकलडीहा तहसील प्रशासन से लेकर पंचायत विभाग और छात्रों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी युवा मतदाताओं को मतदान करने की अपील किया गया। इसके साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान की जानकारी दी। लोकसभा का चुनाव सात चरणों में कराये जाने की चुनाव आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर दिया गया है। शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दिया गया है। तहसील प्रशासन लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कटिबद्ध है। इसके अलावा पंचायत विभाग और शिक्षा विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। एसडीएम अनुपम मिश्रा और तहसीलदार राहुल सिंह सकलडीहा पीजी कॉलेज के छात्रों के साथ जागरूकता रैली निकाली। वही ब्लॉक मुख्यालय से पंचायत विभाग की ओर से एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गयी। इसके पूर्व राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय, मां दुर्गा बालिका इंटर कॉलेज की ओर से जागरूकता रैली निकाली गयी।




### मिलेगा डिजिटल प्रमाण पत्र

**गाजीपुर।** नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की ऑनलाइन एंट्री शुरू हो चुकी है। अब को-विन पोर्टल की तर्ज पर यू-विन पोर्टल से वैक्सीनेशन दिया जाएगा।

# सीएसपी संचालक से मारपीट कर तीन लाख की लूट, हलकान रही पुलिस

- घायल बडौदा बैंक सीएसपी का है संचालक
- नशीला पदार्थ सुंघाकर सीएसपी सेंटर से पैसे निकाल कर फरार हो गये अपराधी

**केटी न्यूज/ बलिया**



सीएसपी संचालक को उसके सीएसपी सेंटर में शनिवार को घुसकर मुंह बंद बदमाशों ने करीब तीन लाख रुपए लूटे तथा सीएसपी संचालक को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सीएसपी संचालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल बलिया के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सरवार निवासी संजय चौहान के नाम से बडौदा बैंक का सीएसपी संचालित है। सूर्य प्रताप चौहान 20 वर्ष पुत्र संजय चौहान प्रतिदिन की भांति शनिवार को जैसे ही सुबह करीब 10 बजे अपने गांव स्थित सीएसपी सेंटर खोल रहा था। वैसे ही कुछ मुंह बंद कर बदमाश पहुंचे और उसको मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उसको नशीला पदार्थ सूंघाकर उसके सीएसपी सेंटर से पैसे निकाल कर फरार हो गए। बताया जाता है कि संचालक वह बैंक से पैसा लाया था। काउंटर में कितने रुपए थे तथा कितने लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, क्योंकि घायल युवक बताने में कुछ असमर्थ है। बताया जा रहा है कि लूट की अंजाम देने वाले लोग पैदल ही थे। घटना की सुचना के बाद पुलिस भी हलकान रही। इस बाबत मनियर थाना प्रभारी मंतोष सिंह से फोन पर वार्ता करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। बांसडीह सीओ प्रभात कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने घटना की जानकारी से अनिभिज्ञता जाहिर की। वहीं दूसरी ओर घायल सीएसपी संचालक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। इस घटना के बाद पीड़ित के परिजन काफी डर व सहमें हुए है।

# पुलिस एस्कॉर्ट वाहन व पिकअप में जोरदार भिड़ंत, चार जवान जख्मी

- कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान के एस्कॉर्ट में चलती थी पुलिस की गाड़ी
- बथावर गांव के समीप हुई घटना घायल पुलिस कर्मी ट्रामा सेंटर भर्ती

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के बथावर गांव के समीप अलीनगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप वाहन ने पुलिस के एस्कॉट वाहन में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। पुलिस स्कॉट वाहन में सवार पांच पुलिस कर्मियों में ड्राइवर सहित चार पुलिस कर्मी बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को सकलडीहा सीएचसी से डाक्टर की सलाह पर ट्रामा सेंटर के लिये भेज दिया। पुलिस स्कॉट वाहन मऊ जनपद की थी। जो कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान के स्कॉट में चलती है। पिकअप चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस पिकअप को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गयी है। कोतवाली क्षेत्र के बथावर पुलिया के समीप अलीनगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप अपने साइड से आ रहे पुलिस की स्कॉट वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया। पुलिस वाहन में सवार ड्राइवर सहित चार पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमें चंदौली जनपद के बसंतु के मड़ई निवासी थाना अलीनगर श्रवण कुमार ड्राइवर, जौनपुर जनपद के थाना मड़ियाहूं गांव भाकलपार निवासी अभय राज यादव, कुशीनगर थाना रामकेला के तरकुलवा गांव निवासी पप्पू, जौनपुर जनपद के केराकत थाना अर्न्तगत लुटतीपुर नरहा निवासी जयशंकर यादव गंभीर रूप से घायल हैं। एक पुलिस कर्मी बाराबंकी जनपद के रामस्नेही घाट निवासी शुभम वर्मा को मामूली चोट आयी। सूचना पर पहुंचे कोतवाल संजय कुमार सिंह घायल पुलिस कमीर्यों को एम्बुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों की सलाह पर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया।

## मां भगवती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न

# छात्र- छात्राओं ने नाट्य कला, नृत्य और गीत से जीता सबका दिल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**






रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत मां भगवती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को देर रात वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने नाट्य कला, नृत्य एवं अदा गीत, हास्य एकांकी इत्यादि में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसे देख अविभावक एवं अतिथियों ने तालियों से उनका उत्साह वर्धन किया। छात्रों ने मिनार बनाकर भारत माता को सलामी दी। कार्यक्रम सायंकाल शुरू होकर देर-रात्रि तक चला। विद्यालय के बच्चों के प्रदर्शन को देखकर कर मुख्य अतिथि शशिकांत राय, जो वर्तमान में समस्तीपुर बिहार में जिला जज है। काफी खुश हुए और उन्होंने कहा कि नाटक, खेल, एकांकी एवं हास्य कविता के साथ-साथ पढ़ाई के क्षेत्र में भी खूब अच्छा प्रदर्शन कर जिला, क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन करने के लिए छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अजिताभ राय राहुल ने बच्चों को संबोधित कर उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रबंधक उपेंद्र कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रेवतीपुर द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित ओमप्रकाश राय, जिला महामंत्री भाजपा विनोद उपाध्याय, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद विजय नारायण राय तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष पूनम शर्मा के साथ ही प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक गढ़ उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अगलगी में सब कुछ जलकर राख



**गड़वार।** बहादुरपुर कारी गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग में झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दूसरे दिन शनिवार की दोपहर क्षेत्रीय लेखपाल रमेश मौके पर पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन स्तर से हर संभव मदद दिलवाने का भरोसा दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीती रात बहादुरपुर कारी गांव में सोहन यादव की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लगने से घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सोहन यादव की मानें तो रोज की भांति खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग सोने चले गए। इसबीच मध्यरात्रि को किसी वक्त अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। अभी कोई कुछ समझ पाते कि तब तक आग ने विकराल रूप अख्तियार करते हुए पूरी झोपड़ी को अपनी आगोश में ले लिया। जिससे घर गृहस्थी सारा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों के अथक प्रयास बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया।

### 50 हजार के आभूषण के साथ चोर गिरफ्तार



**चितबड़ागांव।** स्थानीय पुलिस ने बाबा ऋषिदेव सिंह पीजी कॉलेज मोड़ से शनिवार की दोपहर चोरी के आभूषण, तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम जोगेंद्र राजभर उम्र 21 है तथा मसौनी का रहने वाला है। आरोपी के पास से 50 हजार रूपए के आभूषण, 700 रूपए नकदी, एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बता दें कि कारो स्थित राजकुमार वर्मा के घर बीते 14 मार्च को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद चितबड़ागांव थाने की पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश में शिद्दत से जुट गई थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना चर बाबा ऋषिदेव सिंह पीजी कॉलेज मोड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जमा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से चोरी के आभूषण, तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। चितबड़ागांव थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी जोगेंद्र राजभर को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### दामिनी एप के बारे में किया गया जागरूक




**बलिया।** आपदा प्रबंधन जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुदेशीय सभागार में शनिवार की दोपहर दूसरे दिन का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जनपद के सभी कॉलेज, माध्यमिक विद्यालयों के साथ चिलकहर, रसड़ा, नगरा, नवानगर तथा पंदह विकास खंड से प्राथमिक विद्यालयों के एक-एक शिक्षकों को जिला प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर रामशरण यादव व डॉ अभिषेक मिश्र जिला सर्विलांस अधिकारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर राम शरण यादव ने कहा कि जन जागरूकता को हथियार बनाकर आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ अभिषेक मिश्र ने प्राथमिक उपचार, सर्प दंश के साथ हिट वेव के बारे में बताया। जिला आपदा विशेषज्ञ द्वारा प्राकृतिक आपदाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए दामिनी एप एवं सचेत एप पर चर्चा की गई। प्रशिक्षक नितेश पाठक ने वज्रपात के बारे में विस्तार से बताया।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 17 मार्च 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

♦ क्रॉस फायरिंग में बाल बाल बचे शाहगंज थाना प्रभारी

**केटी न्यूज/जौनपुर**

देर रात चेकिंग के दौरान तीन थानों की पुलिस से शातिर बदमाश के साथ हुई मुठभेड़।थाना शाहगंज,थाना सरपतहाँ व थाना खुटहन की टीम ने संयुक्त कार्यवाही में शातिर चोर मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है।उसके कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा, एक जिन्दा कारतूस व एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल बरामद किया है।बदमाश द्वारा की गई फायरिंग में थानाध्यक्ष शाहगंज बाल बाल बचे।पुलिस पकड़े गए बदमाश के अन्य फरार साथियों की तलाश में जुटी। पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात थानाध्यक्ष शाहगंज तारकेश्वर राय व त्रिवेणी सिंह थानाध्यक्ष सरपतहाँ पुलिस बल के साथ अभियान चलाते हुए संयुक्त टीम बनाकर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान सुल्तानपुर मार्ग से आती हुई एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल दिखाई दी।जिसे पुलिस बल ने रोकने का इशारा किया। पुलिस चैकिंग देख बाइक



सवार व्यक्तियों द्वारा खुटहन रोड पर मोटर साइकिल मोड कर भागने लगें,जिसकी सूचना वायरलेस द्वारा कंट्रोल रूम को दी गयी ,सूचना पर थानाध्यक्ष खुटहन अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ सामने से आकर भागते हुये बदमाशों का घेराव किया, तो बदमाशों द्वारा हडबडी में मोटर साइकिल निजामपुर मार्ग पर मोड दी गयी। बदमाश अपने को घीरता देखकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिसमें थानाध्यक्ष शाहगंज तारकेश्वर राय बाल बाल बचे।बचाव में पुलिस टीम के जबाबी फायर से एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी, जिससे बदमाश घायल होकर गिर पड़ा तथा अन्य बदमाश अंधेरे का लाभ लेकर भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार जिला चिकित्सालय जौनपुर के लिए रेफर कर दिया।पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम रविन्द्र वर्मा पुत्र सभापति वर्मा निवासी मकदूमपुर थाना खुटहन जनपद-जौनपुर बताया , जिसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर , एक खोखा .315 बोर व एक अदद कारतूस .315 बोर तथा एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद किया है।पकड़े गए बदमाश के अन्य फरार साथियों की तलाश के जुट गई है।पकड़े गए बदमाश रविन्द्र वर्मा का लंबा आपराधिक इतिहास है उसके ऊपर बिभिन जनपदों में चार दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

## एक नजर

### मऊ शहर कांग्रेस कमेटी तथा वार्ड अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न

**मऊ ।** मऊ शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शहर के वार्ड अध्यक्ष एव शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों की बैठक घोसी लोकसभा के



कोआडीर्नेटर डा रमेश राजभर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मऊ शहर के 45 वार्डों में कांग्रेस बुथ स्तर पर बी एल ए 2 की नियुक्ति करनी है इसलिए शहर को दो सेक्टर पूर्वी और पश्चिमी में बाटकर पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें पूर्वी सेक्टर की प्रभारी पी सी सी सदस्य श्रीमती पूजा राय को बनाया गया और पश्चिमी सेक्ट की जिम्मेदारी स्वयं शहर अध्यक्ष विष्णु प्रकाश कुशवाहा ने ली। इस बैठक में मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम शहर उपाध्यक्ष रमन पांडेय रफी अतहर अंसारी वकील अहमद अंसारी रवि खंडेलवाल असद नोमानी सईदूर रहमान, (पहलवान जितेंद्र राम एजाज अहमद हफीजुर रहमान अजीजुर रहमान सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### आचार संहिता लगते ही जिला प्रशासन हरकत में आया, हटाए गए शहर में लगे होर्डिंग

**जौनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया।



विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लगे होर्डिंग्स व बैनर को सिटी मजिस्ट्रेट व अधिशाषी अधिकारी द्वारा उतरवाया जा रहा है। इस मामले में जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र दमन सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जो होर्डिंग जो सरकारी भवनों पर लगे हैं उसे उतरवा जा रहा है।इसके लिये कुल 6 टीमें लगाई गई है। शहर में अधिशाषी अधिकारी को लगाया गया है।

### पत्नी ने प्रेमी के संग मिलकर की पति की हत्या

**प्रतापगढ।** प्रेमी के संग मिलकर पत्नी ने पति की हत्या कर दी। महज तीन वर्ष पूर्व ही पति-पत्नी ने सात फेरे लेकर एक दूजे के हुए थे,वहीं दूसरी तरफ पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को ही मौत के घाट उतार दिया। नवाबगंज के दयालपुर गांव के रहने वाला शिवकुमार पुत्र राम लखन 28 की शादी 2021 में संग्रामगढ के कामापट्टी (टिढोसे) गांव के रहने वाले राकेश की पुत्री स्मृति के साथ विवाह हुआ था। जिसकी एक बेटा व डेढ वर्षीय बेटी भी है। सब कुछ अच्छा चल रहा था, लेकिन शिवकुमार को क्या पता कि जो पत्नी अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखकर दिन-रात दुआएं मागती है, वही पत्नी ही प्रेमी के साथ मिलकर उसकी मौत की साजिश रच रही है और उसको अंजाम भी बीते 9 मार्च दिन शनिवार की रात अपने प्रेमी कुलदीप पुत्र बृजलाल निवासी उमरिया संग्रामगढ़ के साथ मिलकर पहले पति को करंट लगाया और उसके बाद बिजली के वायर से दोनों मिलकर शिवकुमार का गला दाब कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद प्रेमी फरार हो गया। स्मृति ने रो-रो कर स्वजन को बताया कि शिवकुमार को करंट लग गया। जिसके बाद स्वजन उसे तुरंत रायबरेली जिला अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वहीं पर पोस्टमार्टम हुआ और रविवार की शाम ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया, लेकिन स्वजन को घर का बिखरा सामान व शिवकुमार के गले में काला निशान देखकर मामले को संदिग्ध मान रहे थे जिस पर मृतक के छोटे भाई राकेश ने नवाबगंज थाने में हत्या की आशंका जताते हुए नवाबगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर नवाबगंज पुलिस सक्रिय होकर तत्काल ही हरकत में आ गई। पुलिस मृतक की पत्नी स्मृति से पूछताछ करना शुरू कर दिया पूछताछ के दौरान उसने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद नवाबगंज पुलिस को दूसरे आरोपित कुलदीप को भी पकड़ने में सफलता मिल गई।

## खबरें फटाफट

### बायोगैस प्लांट का हुआ शुभारंभ

**मऊ।** परदहां ब्लॉक के रणवीरपुर गांव में जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने 31 लाख रुपये की लागत से बन रहे बायोगैस प्लांट का शुभारंभ किया। इस बायोगैस के प्लांट से 15 केवीए बिजली का उत्पादन किया जाएगा। जिससे लोगों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी और बिजली के निर्भरता उपकेंद्र पर कम होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि मानव का जीवन बिजली पर निर्भर हो चुका है, आने वाले दिनों में बिजली की मांग ओर बढ़ेगी। प्लांट से घरेलू बिजली की मांग को आसानी से पूरा किया जा सकेगा। बताया कि पूरे जनपद में 15 केवी बिजली के उत्पादन का यह पहला प्लांट है। गांव में प्लांट के लगने से ग्रामीण भी खुश थे। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी, पवन कुमार, ग्राम प्रधान शान्ति देवी, अधिवक्ता राजेंद्र राम सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म मामले में 12 वर्ष का कारावास

**मऊ।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राजवीर सिंह ने दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को सुनवाई के बाद उसे दोषी करार दिया। दोषी पाए जाने के बाद उसे 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथी ही 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड जमा हो जाने पर 25 हजार रुपया पीड़िता को देने का आदेश दिया। मामला रानीपुर थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार वादी की बहन के साथ दोषी ने 25 जुलाई 20 को उस समय दुष्कर्म किया जब वह भोर में शौच के लिए गई थी। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रानीपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी परमहंस चौहान पुत्र हरिनाथ चौहान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर बाद विवेचना आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक विमल कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार मिश्रा और रामचंद्र चौहान ने कुल 6 गवाहों को कोर्ट में पेश कर अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। विशेष न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तकर्मों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी परमहंस चौहान को दुष्कर्म और धमकी देने का दोषी पाया।

### भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुए योगी

# पुलिस की मेहनत से बदला है यूपी को लेकर दुनिया का परसेप्शन : योगी आदित्यनाथ

- ♦ यूपी पुलिस को ट्रेनिंग के उपरांत मिले 8362 उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर
- ♦ 1618 महिला सब इंस्पेक्टर भी पासिंग आउट परेड में हुईं शामिल
- ♦ सीएम ने सभी उपनिरीक्षकों और प्लाटून कमांडरों को दी शुभकामनाएं
- ♦ सात साल में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को तीन गुना किया गया

**केटी न्यूज/मुरादाबाद**



पिछले सात साल में यूपी पुलिस द्वारा किये गये बेहतरीन कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में अपने आप को बेहतर साबित करने में सफल हुआ है। प्रदेश को लेकर दुनिया का परसेप्शन भी बेहतरीन हुआ है। बीते सात साल में कोई दंगा नहीं हुआ, संगठित अपराध समाप्ति की ओर हैं, सभी बड़े पर्व, त्यौहार और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व के आयोजन सकुशल संपन्न हुए हैं। इसके अलावा अतिविशिष्ट महानुभावों का आगमन और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी पूरी भव्यता और उल्लास से साथ संपन्न हुआ है। ये यूपी पुलिस के जवानों की मेहनत और कार्यों का परिणाम है। प्रदेश की पुलिसिंग दुनिया में एक नजीर बन रही है। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए अपराध को नियंत्रित करने, कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और सामाजिक सौहार्द की स्थापना करने में सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि डॉ भीमराव अम्बेडकर यूपी पुलिस अकादमी में नागरिक पुलिस के अधारभूत कोर्स 2023-24 के उपरांत 8362 उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर आज से यूपी पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इसमें 1618 महिला पुलिस उपनिरीक्षक भी शामिल हैं।

सीएम योगी ने कहा कि एक साल का कठिन प्रशिक्षण और व्यवसायिक दक्षता को सफलता पूर्वक प्राप्त करने वाले 8 हजार से अधिक पुलिस कार्मिक यूपी पुलिस को प्राप्त हो रहे हैं, जो प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वह समय है जब एक प्रशिक्षु सक्रिय सेवा के समस्त मानदंडों और व्यवहारिक जीवन के उच्च आदर्शों के साथ साथ सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करता है। यहीं से एक जिम्मेदार लोकसेवक के दायित्वों को भली-भांति निर्वहन करने के लिए वह स्वयं को योग्य बनाता है। वर्दी वाली फोर्स के बारे में कहा जाता है कि जितना प्रशिक्षण में पसीना बहेगा, चुनौती के समय खून बहाने की नौबत उतनी ही कम आएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आप सभी ने जितनी मेहनत और लगन के साथ अपने आप को साबित किया होगा वह आगामी 30-35 साल तक आपको इस सेवा के लिए योग्यतम साबित करेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत सात साल में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को तीन गुना किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान यहां कानून व्यवस्था, विधि और मानवाधिकारों के साथ ही साइबर क्राइम, फारेंसिक साइंस जैसे नये महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया है। 1 जुलाई 2024 से तीन नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर भी कमेटी गठित की गई है। ये प्रसन्नता का विषय है कि प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को नये कानूनों का भी प्रशिक्षण दिया गया है। ये नये कानून दंड आधारित ना होकर न्याय प्रधान हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के स्मार्ट पुलिस के सूत्रों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉर्डन एंड मोबाइल, अलर्ट एंड एकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पॉसिव, टेक्नोसेवी एंड ट्रेंड, यह सूत्र हमें कानून प्रवर्तन के लिए निरंतर और स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

सीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने 1 लाख 60 हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। साथ ही 1 लाख 56 हजार पुलिसकार्मिकों को प्रोन्नति प्रदान की गई है। उन्होंने ट्रेनिंग प्राप्त किये पुलिसकर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी विश्व के सबसे बड़े गौरवशाली पुलिसबल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल, एमएलसी चौधरी भूपेन्द्र सिंह, महापौर मुरादाबाद विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, विधायक रितेश गुप्ता, पुलिस अकादमी से जुड़े अधिकारीगण, प्रशिक्षु और अभिभावक मौजूद रहे।

## रामपुर को 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं की मिली सौगात

**केटी न्यूज/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले कर्फ्यू व दंगे होते थे। आज यहां नो कर्फ्यू, नो दंगा है, क्योंकि यूपी में सब चंगा है। सारे पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा रहे हैं। गुरु पर्व हो या होली, ईद हो या दीपावली-क्रिसमस, सभी खुशहाली से मनाए जा रहे। हर कोई अपने तरीके से पर्व-त्योहार मनाने के लिए स्वतंत्र है। यहां सुरक्षा भी है तो समृद्धि भी है। आज बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता, यदि किसी ने कोशिश की तो यमराज उसे अगले चौराहे पर दबोच डालेंगे। सरकार सुरक्षा और सुविधा भी दे रही है। सरकार जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। जब ऐसी सरकार होती है तो देश विकास की नई बुलंदियों को छूता हुआ दिखाई देता है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने शनिवार को रामपुर के महात्मा गांधी स्टेडियम (फिजिकल ग्राउंड) पर जनसभा को संबोधित किया। यहां सीएम ने रामपुर के लिए 610 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। रामपुर के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि पहले किसानों को बिजली नहीं मिलती थी, इस साल किसानों को फ्री नलकूप में सिंचाई के लिए 26 सौ करोड़ बजट में दिए गए हैं। 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। सरकार अन्नदाता किसान को समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान, उपज को एमएसपी से अधिक दाम उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास भी कर रही है तो नौजवानों के रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। 19 फरवरी को पीएम ने साढ़े दस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने का शिलान्यास किया, इसके जरिए 35 लाख नौजवानों को नौकरी-रोजगार मिलेगा।

### संत रविदास के नाम पर होगा सर्किट हाउस

सीएम ने कहा कि हमने सर्किट हाउस का निर्माण कराया है, इसका नाम संत शिरोमणि रविदास जी के नाम पर होगा। उन्होंने कर्म की साधना को महत्व दिया था। उन्होंने कहा था कि मन के जीते जीत है, मन के हारे हार, मन चंगा तो कठौती में गंगा, संत रविदास की यह उक्ति आज भी उतनी ही सार्थक है।

### जिलाधिकारी के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस घोसी में संपन्न, 6 टीमें मौके पर भेजी गई

# कुल आयीं 54 शिकायतों में से तीन का हुआ तत्काल निस्तारण

♦ जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करने के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील घोसी में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील घोसी में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 54 शिकायतें आई, जिनमें से 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 6 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 54 प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 26, पुलिस विभाग के 7 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। अतः जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी घोसी आनंद कनौजिया , तहसीलदार, सहित समस्त जनपद एवं तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विवाहिता की मौत पर उसकी मां ने दी तहरीर, हत्या का लगाया आरोप

**प्रतापगढ़।** फांसी के फंदे से लटकने से विवाहिता की हुई मौत की घटना में मृतका की मां ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ बेटी की हत्या किये जाने की आशंका जतायी है। इधर पीएम के बाद मृतका का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के भोगापुर रायपुर भटनी गांव की तीस वषीर्या अनीता सरोज पत्नी विनोद सरोज का शव गुरूवार सुबह घर के अंदर कमरे मे फांसी के फंदे से संदिग्ध दशा में लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतका की मां कौशिल्या देवी पत्नी बहादुर निवासी कदेरूआ थाना नबाबगंज ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर बेटी की हत्या किये जाने की आशंका जतायी है। इधर पीएम के बाद मृतका का शव घर लाया गया तो परिवार के लोग बदहवाश हो उठे दिखे।



## सुभाषितम्

मानव हृदय में घृणा, लोभ और द्वेष वह विषैली घास हैं जो प्रेम रूपी पौधे को नष्ट कर देती है। - सत्यसाईं बाबा

# कानून बनाने से नहीं होता, समस्याओं और अपराधों पर नियंत्रण

अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस भारत में भी बड़े जोर शोर के साथ मनाया गया।उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।उन्हें समय पर न्याय मिले। उपभोक्ता अधिकारों को लेकर कानून भारत में भी प्रचलित है। इस कानून के तहत 90 दिन के अंदर फोरम के लिए शिकायत का निराकरण करना आवश्यक होता है। जिला उपभोक्ता फोरम, स्टेट फोरम और राष्ट्रीय फोरम पर उपभोक्ताओं के मामले सुने जाते हैं। विभिन्न स्तर पर उपभोक्ताओं और कंपनी और तथा सेवा देने वालों के विवाद का निराकरण होता है। कानून में प्रावधान होने के बाद भी जिला उपभोक्ता अदालतों में कई वर्षों तक मामले लटके रहते हैं। राज्य सरकारों द्वारा जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति समय पर नहीं की जाती है। जिसके कारण जिला उपभोक्ता अदालतों में हजारों की संख्या में शिकायतें, कई महीने और वर्षों तक पेंडिंग बनी रहती हैं। उनकी वर्षों सुनवाई ही नहीं हो पाती है। उपभोक्ता फोरम के चक्कर लगाते रहते हैं। उनकी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पाता है। उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश में 30528 शिकायतें जिला उपभोक्ता फोरम में लंबित है। चूंकि समय पर न्याय नहीं मिलता है। छोटे-मोटे मामलों में लोग शिकायत ही नहीं कर रहे हैं। राज्य उपभोक्ता फोरम में लगभग 10001 मामले भोपाल, इंदौर और जबलपुर बेंच में लंबित है।इसमें कई मामले 10 साल से अधिक से आयोग में लंबित हैं। राज्य उपभोक्ता फोरम में मुश्किल से दो या तीन मामलों की ही सुनवाई हो पाती है। बाकी के प्रकरणो मैं तारीख देकर आगे बढ़ा दिया जाता है।लगभग सभी प्रदेशों में उपभोक्ता फोरम की यही हाल है। जिला उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकारें सजग नहीं होती है।महीनों और वर्षों तक फोरम के पद खाली पड़े रहते हैं। उपभोक्ता फोरम में 90 दिन के अंदर शिकायतों पर फैसला करना होता है। फोरम मे 90 दिन में सुनवाई भी शुरू नहीं हो पाती है। इस तरह के कानून से उपभोक्ताओं को लाभ नहीं मिल रहा है। उल्टे फोरम के चक्कर लगाते-लगाते उपभोक्ता न्याय पाने की आशा ही छोड़ देता है। भारत में कानून बनाने में सरकार, चाहे वह केंद्र की हो, या राज्य की सरकार हो। सरकारें कानून बड़ी तेजी के साथ बनाती है।उसके नियम निश्चित रूप से नागरिकों के हितों मे बने होते हैं। भारत की न्याय व्यवस्था और कानून के बारे में बात करें, न्यायालयों से कई वर्षों तक नागरिकों को न्याय नहीं मिल पाता है। जिसके कारण अब लोग तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख से परेशान होकर, न्याय व्यवस्था से परेशान हैं। यौन उत्पीड़न रोकने के लिए सरकार ने काफी कड़े कानून बनाए। कानून बन जाने के बाद ऐसा लग रहा था, कि अब यौन उत्पीड़न के अपराध कम होंगे। जब से कड़े कानून बनाए गए हैं।उसके बाद अपराधों की संख्या घटने के स्थान पर निरंतर बढ़ती जा रही है। कड़े कानून बन जाने के बाद, अब अपराधी यौन अपराध के साथ-साथ अपराध छुपाने के लिए हत्या जैसे अपराध भी करने लगे हैं।खाद्य पदार्थों की मिलावट को रोकने के लिए सरकार ने नियम और कानून बनाए हैं। खाद्य पदार्थों की मिलावट तो कम नहीं हुई। मिलावट की जांच के नाम पर सरकारी तंत्र ने अपनी वसूली जरूर तेज कर दी। महीनों और सालों तक मिलावट के शक में जो सैंपल एकत्रित किए जाते हैं। उनकी जांच ही नहीं हो पाती है। मामले न्यायालयों में पेश किए जाते हैं। जहां पर बड़ी-बड़ी कंपनियां जुमार्ना देकर बच जाती हैं। गरीब गुरबों को जरूर जेल जाना पड़ता है। खाद्य पदार्थों का असंगठित क्षेत्र का रोजगार पूरी तरह से खत्म हो रहा है। वहीं कॉर्पोरेट का व्यवसाय लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हाल ही में अमूल दूध और मदर डेयरी के दूध के सैंपल की जांच हुई। दोनों कंपनियों के दूध में मिलावट पाई गई। गाजियाबाद के एसडीएम ने जुमार्ना करके उन्हें आरोप से मुक्त कर दिया। दिल्ली की एक कोर्ट में मदर डेयरी के दूध में मिलावट होने के आरोप में जुमार्ना करके छोड़ दिया। खाद्य पदार्थों में मिलावट और उपभोक्ताओं के साथ फर्जी विज्ञापन बड़े-बड़े फर्जी दावे करके लोगों को चूना लगाया जाता है।

## चिंतन-मनन

# ईश्वर को पाने के लिए प्रेम मार्ग से गुजरना होगा

प्रेम शक्ति भी है और आसक्ति भी। जब व्यक्ति का प्रेम कामना रहित होता है तो यह शक्ति होती है और जब प्रेम में किसी चीज को पाने का लोभ रहता है तो यह आसक्ति बन जाती है। सच्चा प्रेम वह होता है जो प्रेम में किसी प्रकार का लोभ और किसी चीज को पाने की कामना नहीं रखता है। ऐसा व्यक्ति प्रेम में ऐसा कमाल कर जाता है कि, बड़े से बड़े बलवान और धनवान उसके आगे घुटने टेक देते हैं। मीराबाई को दिया गया जहर असरहीन होना। ध्रुव को पहाड़ की चोटी से गिराने पर भी बच जाना, प्रह्लाह का आग के शोलों में भी मुस्कुराते हुए रहना और तुलसीदास का उफनती नदी को पार कर जाना यह प्रेम की शक्ति का उदाहरण है। संतजन कहते हैं कि जिसके हृदय में सच्चा प्रेम होता है वही व्यक्ति ईश्वर का भक्त हो सकता है। जरूरत है बस प्रेम की चाहे वह पैसे से हो, किसी स्त्री से, बच्चे से या अन्य सांसारिक वस्तुओं से। अगर हृदय में प्रेम होगा ही नहीं तो ईश्वर क्या संसार में किसी चीज से लगाव हो ही नहीं सकता। भगवान से प्रेम करना वास्तव में उसी प्रकार है जैसा एक दिशाहीन गाड़ी को सही दिशा देना। संत श्री गोकुलनाथ जी ने कहा है कि जिसके हृदय में प्रेम का अंकुर होता है उस व्यक्ति को भक्ति की ओर प्रेरित किया जा सकता है, क्योंकि प्रेम का वृक्ष तभी उग सकता है जब प्रेम का बीज, प्रेम का अंकुर हृदय में मौजूद हो। बिना बीज के खेती भला कैसे हो सकती है। इस संदर्भ में एक कथा है कि एक बार संत श्रीगोसाईं गोकुलनाथ जी के यहां एक धनवान व्यक्ति बहुत सारा धन लेकर शिष्य बनने की कामना से आया। गोसाईं जी ने उस व्यक्ति से पूछा कि क्या तुम्हारा कहीं किसी वस्तु पर ऐसा स्नेह है, जिसके बिना तुम्हारा मन व्याकुल हो जाता हो। उस व्यक्ति ने उत्तर दिया मेरा कहीं किसी वस्तु में तनिक भी स्नेह नहीं है। उत्तर सुनकर गोसाईं जी ने कहा कि फिर तो हम तुम्हें दीक्षा कदापि नहीं दे सकते।

# किनारे रह गया परिवारवाद

-मुस्ताअली बोहरा



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के आम चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकीं हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने ज्यादातर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। निर्वाचन आयोग भी लोकसभा चुनाव कराने को लेकर तैयार है। निर्वाचन आयोग की तरफ से शनिवार को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। चुनाव आयोग आम चुनाव के कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देगा। माना जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव 6 से 7 चरणों में कराए जा सकते हैं। चुनाव की घोषणा होते ही पूरे देश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। इधर, राजनीतिक दलों ने भी बैठकों का दौर तेज कर दिया है। ज्यादातर सीटों पर भाजपानीत गठबंधन और कांग्रेसनीत गठबंधन ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की केंद्र में सत्तासीन नरेंद्र मोदी सरकार आत्मविश्वास से लबरेज है और उसे लोकसभा चुनाव 2024 में भी जीत की उम्मीद है। यदि एनडीए को इस बार भी जीत हासिल होती है, तो यह पहला मौका होगा, जब कोई गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होगा। पिछले लोकसभा चुनाव की ही तरह ही इस बार भी भाजपा और भाजपा गठबंधन का मुख्य चेहरा पीएम नरेन्द्र मोदी ही हैं। मोदी के खिलाफ विपक्ष के पास कोई ऐसा चेहरा नहीं हैं जो टक्कर दे सके। इस लिहाज से माना जा सकता है कि मोदी वर्सेस विपक्ष का मुकाबला आम चुनाव में होगा। मोदी भी ये कह चुके हैं कि इस बार जनता भाजपा को 370 और एनडीए को 400 सीटें जिताएगी। एनडीए के साथ बिहार में जेडीयू, लोकजनशक्ति पार्टी और हम है, जबकि यूपी में सुभासपा, आरएलडी और अपना दल (सोनेलाल) के साथ बीजेपी ने गठबंधन किया है। उधर, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ बहुजन समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, एनसीपी शरद पवार, डीएमके, सीपीआई, शिवसेना उद्धव गुट जैसी अन्य छोटी-बड़ी विपक्षी पार्टियों ने भाजपानीत गठबंधन को हराने के लिए जी जान झोंक दी है। कांग्रेस की अगुआई में बने इंडिया गठबंधन ने भी सीटों का बटवारा करते हुए प्रत्याशी घोषित करना शुरू कर दिए हैं। शुरूआती दौर में तो इंडिया गठबंधन के घटक दलों में आपस में ही नाइत्तेफाकी रही लेकिन कांग्रेस के नरम रूख अपनाने के बाद सीटों के बटवारे को लेकर सकारात्मक रिजल्ट आने लगे। बताया जा रहा है कि प्रियंका गांधी ने हस्तक्षेप किया और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस बात के लिए राजी किया कि घटक दलों के साथ थोड़ा समझौता कर लिया जाए। देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने ऐसे उम्मीदवारों को तरजीह दी है जिनके पास पार्टी के अलावा अपना खुद का भी वोट बैंक हैं। जो सांसद बयानों अथवा अन्य किन्हीं कारणों से विवादों में रहे या जिनके कारण पार्टी को सफाई देनी पड़ी, उन्हें भी टिकट नहीं दिया गया है। 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में 30 मौजूदा सांसदों का टिकट काटा गया था, इसके बाद 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 33 मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर भाजपा ने साफ कर दिया कि वो किसी भी तरह से रिस्क लेने के मूंड में नहीं है। दिल्ली में सात में छह उम्मीदवार बदल दिए गए, हरियाणा में जिन छह उम्मीदवारों की घोषणा हुई है, उनमें तीन नए हैं। महाराष्ट्र में 20 उम्मीदवारों में से 14 को दोबारा टिकट मिला है, जबकि पांच का टिकट काटा गया है। तेलंगाना में 17 में से जिन 15 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, उनमें से 10 बीआरएस व अन्य पार्टियों से पिछले पांच सालों के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में काफी सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा गया था, उनकी जगह नए चेहरों को उतारा गया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में शिकस्त का सामना करने वाली कांग्रेस के आगे और भी चुनौतियां हैं। इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के साथ ही पीएम फेस को लेकर भी उलझनें हैं। यूपी, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस के लिए ज्यादा सीटें जीतना आसान नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी के लिए 2024 का चुनाव अस्तित्व की लड़ाई जैसी है। राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, शरद पवार जैसे नेताओं की किस्मत भी इसी नतीजे से तय होंगे। अभी तक पश्चिम बंगाल में टीएमसी और पंजाब में आम आदमी पार्टी दो ऐसी पार्टियां सामने आई हैं, जो अपने-अपने राज्यों में बीजेपी का कड़ा मुकाबला कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी में बंटवारे के बाद विपक्ष की स्थिति कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस ने वोटरों को रिझाने के लिए कई घोषणाएं भी की हैं। नारी न्याय गारंटी योजना से कांग्रेस को काफी उम्मीदें हैं। गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रूपए देने, सरकारी भर्तियों में महिलाओं का पचास फीसद आरक्षण, आंगनबाड़ी, आशा और मध्यान्ह भोजन कार्यकताओं की मासिक आय में केन्द्र सरकार का योगदान दोगुना करने, हर पंचायत में न्याय मित्र की भर्ती आदि की घोषणा की है। इसके साथ ही युवाओं को रिझाने के लिए भी युवाओं को स्नातक होते ही एक लाख रुपए देने, तीस लाख रिक्त पदों पर युवाओं की भर्ती सहित अन्य घोषणाएं की हैं। हालांकि ये सभी घोषणाएं इंडिया गठबंधन के मंच से होती तो इसका प्रतिसाद ज्यादा अच्छा मिल सकता था। एनडीए में तीन दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े दल शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी, नेशनल पीपल्स पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस, अपना दल-सोनेलाल, असम गण परिषद, बीजू जनता दल, हिल स्टेट पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, जनता दल (सेक्युलर), जनता दल युनाइटेड, जननायक जनता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), महाराष्ट्रवादी गोमांत पार्टी, नागा पीपल्स फ्रंट, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, शिव सेना-एकनाथ शिंदे, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, टिपरा मोथा पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल, भारत धर्म जन सेना, गोरखा नेशनल लिब्रेशन फ्रंट, हरियाणा लोकहित पार्टी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, जन सुराज्य शक्ति, जन सेना पार्टी, केरल कामराज कांग्रेस, निषाद पार्टी, प्रहार जनशक्ति पार्टी, पुथिया निधि काची, राष्ट्रीय लोकदल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय समाज पक्ष, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया- अठावले, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, तमिल मनीला कांग्रेस-एम, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम।

# भाजपा को भारी पड़ सकता है अपने दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के टिकट काटना!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

भाजपा ने उत्तराखंड में हरिद्वार से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक व गढ़वाल से मौजूदा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर सबको हैरत में डाल दिया है।निशंक की जगह पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जो हरिद्वार क्षेत्र में कभी सक्रिय नही रहे ,को टिकट देना भाजपा को भारी पड़ सकता है।हालांकि हरिद्वार सीट पर कांग्रेस ने अभी अपने पत्ते नही खोले है,लेकिन यदि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत या फिर जैसा कि चर्चा चल रही है निर्दलीय खानपुर विधायक उमेश कुमार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ते है तो दोनो ही स्तिथियों में भाजपा के लिए कड़ी टक्कर होगी।जहां तक गढ़वाल सीट का सवाल है वहां भी कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल और भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के बीच इस कदर कांटे की टक्कर रहेगी कि हार जीत के दावे करना मुश्किल है।कांग्रेस ने अल्मोड़ा सीट पर एक बार फिर भाजपा के अजय टम्टा के सामने प्रदीप टम्टा पर दांव खेला है। भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद अजय टम्टा को उम्मीदवार बनाया है, वहीं सन 2019 में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रदीप टम्टा को एक बार फिर अपना प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदीप टम्टा राज्य बनने के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में 2002 से सोमेश्वर सीट से विधायक भी रहे है,साथ ही वे अल्मोड़ा से 15वी लोकसभा के कांग्रेस सांसद रहे है, इसके बाद सन 2016 में उन्हें कांग्रेस ने राज्यसभा भेजा था। पौड़ी सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल जो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे है,को अपना प्रत्याशी बनाया है। गणेश गोदियाल सन 2002 में कांग्रेस के टिकट पर थली सेंड से और सन 2012 में श्रीनगर सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचें थे। इसके साथ-साथ पार्टी हाईकमान ने गणेश गोदियाल को जुलाई 2021 से अप्रैल 2022 तक प्रदेश कांग्रेस के मुखिया की जिम्मेदारी भी दी थी। इसीलिए भाजपा ने पौड़ी सीट पर राज्यसभा सांसद व पार्टी प्रवक्ता रहे अनिल बलूनी को उनके सामने चुनाव मैदान में उतारा हैं। गढ़वाल से पूर्व विधायक जोत सिंह गुंसोला कांग्रेस के उम्मीदवार है, जहां भाजपा ने अपनी सीटिंग सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर एक बार फिर भरोसा जताया है ।कांग्रेस ने जोत सिंह गुंसोला को टिकट देकर उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा का ईनाम दिया है। जोत सिंह गुंसोला वर्ष1988 और वर्ष 1997 दो बार मसूरी पालिका परिषद के चेयरमैन रहे है, वहीं कांग्रेस की तरफ से 2002 से 2012 तक दो बार मसूरी विधानसभा से विधायक भी रहे है। गुंसोला वर्तमान में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष पद पर विराजमान है।उत्तराखंड में हर बार की तरह इस बार भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही कड़ी चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी।दोनों पार्टियां राज्य की जनता को लुभाने में जुटी हुई हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए की सत्तारूढ़ सरकार ने 2014 और 2019 दोनों मेगा चुनावों में सभी 5 लोकसभा सीटें जीतीं थी। बीजेपी लगातार दावा कर रही है कि राज्य की जनता को उनकी पार्टी पर पूरा भरोसा है।वही कांग्रेस ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में वापसी की दिशा में कई छोटे कदम उठाए, जिसने 18वीं लोकसभा चुनावों में उत्तराखंड को राष्ट्रीय दलों के लिए परीक्षण का मैदान बना दिया है। बीजेपी अभी भी राज्य और केंद्र दोनों में मजबूत स्थिति का दावा कर रही है।उत्तराखंड राज्य में आम चुनाव की चुनाव अवधि पहली तिमाही की होती हैं। हर बार की तरह देखा जाए तो उत्तराखंड के लिए लोकसभा चुनाव कार्यक्रम अप्रैल के महीने में मिल सकता है।छोटा राज्य होने के कारण उत्तराखंड के खाते में बहुत कम संख्या में लोकसभा सीटें हैं, इसलिए राज्य में आम चुनाव एक ही चरण में कराए जाते हैं।2024 के लोकसभा चुनाव में भी एक बार में ही चुनाव कराने का परिदृश्य होगा,उत्तराखंड एक ही चरण में मतदान कराने के लिए पूरी तरह तैयार भी है। उत्तराखंड में लोकसभा की पांच सीटो में से एक सीट अनुसूचित जाति के लिए अल्मोड़ा आरक्षित है। बीजेपी ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी पांच सीटें जीती थीं। कांग्रेस अपने नवगठित इंडिया गठबंधन की मदद से आगामी मेगा चुनावों में अपनी किस्मत बदलने का प्रयास करेगी,वही भाजपा फिर से पांचों सीटे जीतने का दावा कर रही है। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड कांग्रेस भले ही प्रदेश की पांचों लोकसभा सीट जीतने का दावा कर रही हो,लेकिन धरातल पर अभी भी नेताओं के बीच एकता का अभाव है।वही प्रदेश कांग्रेस के सक्रिय नेता चुनाव लड़ने से जहां बचते नजर आ रहे हैं वही लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से हारने के बाद इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। ऐसे में इस चुनाव के बाद उत्तराखंड में कांग्रेस के वजूद की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजनीतिक पार्टियां दमखम से तैयारी में जुटी हुई है, ताकि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर काबिज हो सके।चुनावी तैयारी के बीच उत्तराखंड की राजनीति में इन दोनों उथल पुथल भी देखा जा रहा है, एक तरफ भाजपा ने पांचों लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस के मनीष खंडूड़ी, शैलेंद्र रावत और अशोक वर्मा जैसे कई दिग्गज नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं। कांग्रेस अभी भी हरिद्वार व गढ़वाल लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं कर पाई है। कांग्रेस आलाकमान को प्रत्याशियों के चयन में काफी समय लगना कांग्रेसियों की बेचैनी बढ़ा रहा है।नेताओं द्वारा चुनाव न लड़ने की इच्छा जाहिर करने की एक वजह चुनाव का मंहगा होना भी है। मौजूदा समय में एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ती है, साथ ही प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को भी एक चुनोती के रूप में देखा जा रहा है।

# चुनावों का शंखनाद और आत्मा का आर्त्तनाद...

-राकेश अचल

`शीर्षक पढ़कर चौंकिए मत। आज देश में नए आम चुनावों के लिए शंखनाद होने से पहले ही देश के सबसे ज्यादा आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी का आत्मीय आर्त्तनाद भी इस देश के लोगों ने सुना। देश के सामने हालाँकि उन्हें अपनी कथित उपलब्धियों के आधार पर सिंघनाद करना चाहिए था लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाये । वे मेघनाद जरूर करते आये है । वे जब-जब गरजे तब-तब देश ने एक नयी मुसीबत का सामना किया। लेकिन ये अतीत की बात है। देश में आम चुनाव करने के लिए जिम्मेदार केंद्रीय चुनाव आयोग को पहले ही केंचुआ बना चुकी हमारी जाती हुई सरकार ने चुनावों की घोषणा के ठीक एक दिन पहले केंचुआ को दो चुनाव आयुक्त दिए है। इनका चयन करने वाली समिति में सरकार का ही बहुमत था । इस समिति में पहले देश के मुख्य न्यायाधीश भी हुआ करते थे ,किन्तु उनके ऊपर सरकार को यकीन नहीं था इसलिए उन्हें चयन समिति से बाहर कर दिया गया। लोकतंत्र को एकतंत्र में बदलने की ये एक छोटी सी कोशिश है ,लेकिन इसे देश की जनता जब समझे तब है। बहरहाल जब आप ये आलेख पढ़ रहे होंगे तब आपके सामने नयी लोकसभा के चुनावों का विस्तृत कार्यक्रम आ चुका होगा। देश में एक आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी होगी। इस संहिता पर प्रश्न चिन्ह इसलिए लगाया की उसका शीलभंग हमेशा से होता आया है और आगे भी होगा ही। बहरहाल अब गेंद जनता जिसे सम्मान के साथ जनार्दन भी कहा जाता है के पाले में आ गयी है ,लेकिन खेल के नियम उसके अपने नहीं हैं। खेल तो राजनीतिक दलों के बीच ही खेला जाएगा। वैसे इस खेल के पहले ही जो खेला होना था सो हो गया। जाती हुई सरकार को चलने वाली राजनीतिक पार्टी की आती में इस समय असंवैधानिक घोषित किये जा चुके इलेक्टोरल बांड से नंबर एक में कमाया गया 60 अरब रुपया है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस अवैध तरिके से कमाए गए धन को अभी तक जब्त करने का आदेश नहीं दिया है। इस धनबल के बूते कोई भी राजनीतिक दल किसी भी आम चुनाव को उसी तरह जीत सकता है जैसे एक पके आम को चूसा जा सकता है। चुनाव में धनबल,बाहुबल और छलबल चलता है। ये तीनों संयोग से आज की सत्ता के हाथों में अकूत है ,सत्तारूढ़ दल के सामने समूचा विपक्ष विपन्न है ,लेकिन इतना भी विपन्न नहीं की मैदान छोड़कर भाग जाये। देश की सियासत बहुचर्चित गुजरात मॉडल से होती हुई अब पुतिन मॉडल की और अग्रसर है । इसे देश का कोई कानून फिलहाल नहीं रोक सकता,किन्तु आम जनता के हाथों में अब भी मताधिकार का अमोघ अस्त्र बचा हुआ है । अब ये जनता पर है कि वो देश के मुकुट मणि को खंडित करने वालों को 370 सीटें देकर जिताये या 400 सीटें देकर देश को एक नया मोदी नहीं बल्कि पुतिन दे। ये देश गांधी के रास्ते पर चलने वाला देश है । इस देश में परिवारवाद की जड़ें गहरी हैं ,इन्हीं जड़ों में से अब मोदी परिवार ने जन्म लिया है। इस परिवार के मुखिया वैसे रणछोड़ है। उन्होंने अपने परिवार का त्याग किया। उनकी साधना अब इतनी घनीभूत हो गयी है कि वे उन्हें अपने परिवार में शामिल करने वाले संघ परिवार से भी बड़े हो गए है। वे 1975 की इंदिरा इज इंडिया की तर्ज पर मोदी इज इंडिया बन चुके हैं। देश की जनता अंधभक्त कही जाती है किन्तु वास्तव में है नहीं।

## आज का राशिफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेष | करियर के मामले में फायदे का दिन है। आपकी आय में वृद्धि होगी। कारोबार से जुडी योजनाएं सफल होंगी। | तुला | आपकी धन समृद्धि में वृद्धि होगी। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। |
| वृषभ | आज दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। आज आपको राजनीति के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। | वृश्चिक | दिन काफी व्यस्तता से भरा रहेगा। आज का दिन किसी बीमारी की जांच करने में बीतेगा। |
| मिथुन | आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपकी कोई मूल्यवान वस्तु खो सकती है। | धनु | काफी प्रशंसा होगी। ऑफिस में आपकी और आपके काम करने के तरीके की तारीफ होगी। |
| कर्क | आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। | मकर | काम पर दिशा की कमी महसूस कर सकते हैं। फोकस काम पर रखने की सख्त जरूरत है। |
| सिंह | आज ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार सफल होंगे। | कुंभ | मतभेदों से आमना सामना करना पड़ सकता है। जिसके कारण आप असहज महसूस करेंगे। |
| कन्या | रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। | मीन | आज का दिन व्यस्त और खुशहाल दिन रहने वाला है। आज आपके सामने कई नए अवसर आएंगे। |

## विशेष

### कांग्रेसी दिग्गजों की बहाने बाजी

कांग्रेस के दिग्गज नेता लोकसभा चुनाव नहीं लडना चाहते हैं। वह तरह-तरह की बहाने बाजी कर रहे हैं। जो राज्यसभा के सदस्य छत्तीसगढ़ राजस्थान इत्यादि से चुने गए थे। अब वहां सरकार नहीं है। बहुमत नहीं होने से दोबारा चुनकर नहीं आ सकते हैं। राज्यसभा के सांसद लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। पार्टी संगठन के नेता भी चुनाव का काम देखेंगे, या खुद चुनाव लड़ेंगे। संगठन के बड़े नेता यदि चुनाव मैदान में उतार दिए जाते हैं। तो चुनाव में दिक्कत आ सकती है। वहीं दिग्गज नेता अपनी साख और पैसे खर्च करने से बचना चाहते हैं। पार्टी के पास अभी पैसा भी नहीं है। इस स्थिति में खुद का पैसा खर्च करके चुनाव लड़ना पड़ेगा। जीत की अभी कोई गारंटी नहीं है।

### हरियाणा में भाजपा ने बदला अपना रंग

भारतीय जनता पार्टी अपने हितों को देखकर ही समझौते,और रणनीति तैयार करती है। राजनीति में भाजपा पूरी तरह से प्रोफेशनल है। चुनाव को लेकर भाजपा कभी इमोशनल होकर फैसला नहीं करती है। हरियाणा में दुष्यंत चौटाला की पार्टी से भाजपा ने तालमेल खत्म कर दिया है। दुष्यंत चौटाला अब गठबंधन से बाहर हैं। जाट वोटो के बंटवारे के लिए उनका भाजपा से अलग होकर चुनाव लड़ना पहले भी तय माना जा रहा था। वह कांग्रेस की जाट वोटो में सेंध लगाने का काम करेंगे। विधानसभा के चुनाव में भाजपा फिर उनके साथ हाथ मिला सकती है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1337: इंग्लैंड नरेश एडवर्ड तृतीय अपने बड़े पुत्र एडुवर्ड के लिए कानेवाल की डटी का गठन किया. 1769: ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के बुनकरों पर कड़े प्रतिबंध लगाए. 1776: जार्ज वॉशिंगटन ने विलियम होव के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजों की बोस्टन से हटने के लिए मजबूर कर दिया. 1782: ईस्ट इंडिया कंपनी और सिंधिया के बीच संधि हुई. 1860: न्यूजीलैंड में दूसरा माओरी युद्ध भड़का. 1939: ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चैम्बलिन ने एडोल्फ हिटलर पर वादा तोड़ने का आरोप लगाया. 1955: वर्धा का सेवाग्राम आश्रम बंद कर दिया गया. 1958: अमरीका ने अपने दूसरे भू उपग्रह वैनगार्ड प्रथम का प्रक्षेपण किया. 1959: दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत आए . 1963: वाली में आगंग ज्वालामुखी के फूटने से ग्यारह हजार से अधिक लोग मारे गए.

## दैनिक पंचांग

17 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मीन में |
| चंद्र | वृष में |
| मंगल | मकर में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | मेष में |
| शुक्र | कुंभ में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 05.58 बजे से |
| मेष | 07.33 बजे से |
| वृष | 09.13 बजे से |
| मिथुन | 11.11 बजे से |
| कर्क | 13.24 बजे से |
| सिंह | 15.41 बजे से |
| कन्या | 17.52 बजे से |
| तुला | 20.03 बजे से |
| वृश्चिक | 22.18 ब.से |
| धनु | 00.34 बजे से |
| मकर | 02.39 बजे से |
| कुंभ | 04.26 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 77 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 21.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 16.47 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 17.05 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.41 बजे तदनन्तर बव 21.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 6.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871921
**जूलियन दिन** 2460386.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान
**तारीख** 06
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




# ऑपरेशन्स मैनेजमेंट में बनाएं करियर

**कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है।**

ऑपरेशन्स मैनेजमेंट आपके भविष्य के कॅरियर के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संसाधनों के निवेश की एक लंबी प्रक्रिया है। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया विभिन्न अवधारणाओं को अपनाती है, जैसे- आत्म-जागरूकता, कॅरियर विकास योजना और करियर अन्वेषण, जीवन भर सीखने की क्षमता और नेटवर्किंग। कॅरियर में अर्ध-कुशल से लेकर कुशल और अर्ध पेशेवर से पेशेवर तक के सभी प्रकार के रोजगार शामिल हैं। कॅरियर प्रबंधन प्रक्रिया लक्ष्यों और उद्देश्यों को स्थापित करने के साथ शुरू होती है। यह कार्य थोड़ा कठिन हो सकता है, जब व्यक्ति के पास कॅरियर के अवसरों और उनकी प्रतिभा और क्षमताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं होती है। हालांकि, पूरी करियर प्रबंधन प्रक्रिया परिभाषित लक्ष्यों और उद्देश्यों की स्थापना पर ही आधारित होती है।

## मुख्य उद्देश्य

सामान्य शब्दों में परिचालन प्रबंधन किसी संगठन के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से एक कुशल तरीके से सामग्रियों और श्रम को वांछित वस्तुओं और सेवाओं में परिवर्तित करने से संबंधित है। यह उपलब्ध संसाधनों की खरीद और उपयोग करके उत्पादन को अधिकतम करता है, जिसमें कच्चे माल, उपकरण, प्रौद्योगिकी, सूचना और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। उत्पादन की प्रक्रिया की योजना, डिजाइनिंग, आयोजन, नियंत्रण और अनुकूलन के साथ इसका अधिक सम्बन्ध होता है। संचालन प्रबंधन यह सुनिश्चित करता है कि एक इकाई कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक इनपुट को आउटपुट में कैसे बदल देती है। यह स्पष्ट है कि संचालन प्रबंधन डिलीवरी ओरिएंटेड होता है। हालांकि, संचालन प्रबंधन को लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के समान नहीं माना जाना चाहिए। संचालन प्रबंधन व्यापक है और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन इसका एक हिस्सा है। लॉजिस्टिक्स प्रबंधन किसी अभियान, योजना, परियोजना या रणनीति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए श्रमिकों, सामग्री और अन्य संसाधनों की खरीद, निष्पादन और नियंत्रण की योजना बनाता है। विनिर्माण और सेवा संगठनों दोनों को ही संचालन प्रबंधन के कार्य की आवश्यकता होती है, जो एक प्रक्रिया को शुरू से लेकर अंत तक कवर करता है। सदियों से विनिर्माण उद्योग फल-फूल रहे हैं। अब सेवा क्षेत्र में तेजी के साथ परिचालन प्रबंधकों के लिए अवसर कई गुना बढ़ गए हैं।

## जॉब रोल्स

- सप्लाई चेन मैनेजर
- एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस मैनेजर
- प्लांट मैनेजर
- ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजर
- परचेस मैनेजर
- फैसिलिटी मैनेजर
- इन्वेंटरी कण्ट्रोल मैनेजर

## रोजगार के अवसर

एक ऑपरेशन मैनेजर के रूप में इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वालों के लिए रोजगार के ढेरों अवसर होते हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में संचालन प्रबंधकों के लिए बहुत स्कोप है। कुछ शीर्ष क्षेत्र इस प्रकार हैं :

- स्वास्थ्य
- कॉर्पोरेट व्यवसाय
- बहुराष्ट्रीय कंपनियां
- हॉस्पिटैलिटी
- विनिर्माण और खुदरा
- बीमा क्षेत्र
- वित्तीय संस्थाए
- सूचना प्रौद्योगिकी
- ई-कॉमर्स
- वेयरहाउसिंग
- निर्माण
- सलाहकारी फर्में



# लाइब्रेरी सांइस में क्या है करियर स्कोप

**स्कूल कॉलेज हों या फिर सरकारी व प्राइवेट संस्थान हर जगह डॉक्यूमेंट्स को संभालने व संरक्षण करने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग होता है। इस लाइब्रेरी में किताबों की देखभाल करने वाले को लाइब्रेरियन कहा जाता है।**

अगर आपको भी किताबों से प्यार है और ज्ञान के भंडार के बीच अपना समय बीताना चाहते हैं, तो लाइग्ररियन बन सकते हैं, इसके लिए आपको लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करना पड़ेगा, जिसके बाद आप लाइब्रेरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, जूनियर लाइब्रेरियन और लाइब्रेरियन जैसे पदों पर रहकर अच्छा करियर बना सकते हैं।

## क्या है लाइब्रेरी सांइस का कोर्स

लाइब्रेरी साइंस का दायरा काफी बड़ा है, आज के समय यह एक हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसमें करियर के अवसर भी काफी ज्यादा नजर आ रहे हैं। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट, कैटलॉग, बिबलियोग्राफी आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में अगर आप करियर बनाना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी होना जरूरी है। क्योंकि आजकल सारे डेटा और रिकॉर्ड कंप्यूटर पर ही रखे जाते हैं।

## लाइब्रेरी साइंस में कोर्स

अगर आप लाइब्रेरी साइंस में करियर बनाना चाहते हैं तो आप डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास होना चाहिए। वहीं बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आम मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। इसके बाद आप एमफिल या पीएचडी कर रिसर्च या टीचिंग के सेक्टर में भी जा सकते हैं।

## करियर स्कोप क्या है

लाइब्रेरी साइंस में इस समय जॉब्स की कमी नहीं है, लाइब्रेरी साइंस में ग्रेजुएट होने के बाद आप सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर में जॉब कर सकते हैं। जिस तरह से दिन- प्रतिदिन यूनिवर्सिटी और कॉलेज की संख्या बढ़ रहा है, ठीक उसी प्रकार इस सेक्टर में जॉब के अवसर भी बढ़ रहे हैं। आप किसी भी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, प्राइवेट संस्थान, प्राइवेट लाइब्रेरी, म्यूजियम आदि में लाइब्रेरियन के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूजपेपर और न्यूज चैनल्स में भी लाइब्रेरियन की नियुक्ति की जाती हैं। अब तो कॉरपोरेट कंपनियों में भी लाइब्रेरी को प्रमोट किया जाता है, ऐसे में यहां पर भी अच्छी सैलेरी के साथ जॉब मिल सकती है। अब जमाना डिजिटल हो चुका है, इसलिए अब ऑनलाइन लाइब्रेरी या कंप्यूटर लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी का चलन तेजी से बढ़ा है।

## करियर ऑप्शन क्या है

अब लाइब्रेरी साइंस काफी विकसित सेक्टर के रूप में जाना जाता है। जिसकी जरूरत हर जगह पर पड़ती है। जिसके कारण इस क्षेत्र में करियर के अनेक ऑप्शन हैं। आप कोर्स पूरा कर निम्न पदों पर रहकर करियर बना सकते हैं। जिसमें जूनियर लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन, लाइब्रेरियन, लाइब्रेरी अटेंडेंट, पुस्तकालय सहायक, शोधकर्ता व वैज्ञानिक, सलाहकार, तकनीकी सहायक, अभिलेख प्रबंधक, सूचना केंद्र का प्रमुख, वरिष्ठ सूचना विश्लेषक, कानून लाइब्रेरियन, इंडेक्सर, सूचना वास्तुकार, पुरालेखपाल शामिल है।

## कितनी मिलती है सैलरी

लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के बाद आप प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रूपए कमा सकते हैं, इसके बाद जिस तरह से आपका अनुभ्व बढ़ेगा, उसी के अनुसार आपका पद और वेतन भी बढ़ेगा। वहीं अगर आपकी जॉब गवर्नमेंट सेक्टर में लग गया तो आप हर माह लाखों रुपए कमा सकते हैं।



# आईआईटी में एडमिशन दिलाएंगी ये टिप्स

देश में इंजीनियर बनने की चाह रखने वाले हर स्टूडेंट की चाहत होती है कि वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) से इंजीनियरिंग करे। आईआईटी में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा पास करनी होती है। यहां हम आपको तैयारी के लिए कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं।

### बनाएं स्टडी प्लान

सबसे पहले सिलेबस के अनुसार अपना स्टडी प्लान बनाएं। जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों के सिलेबस लगभग समान होते हैं।

### सेट करें वीकली और डेली टारगेट

स्टडी के लिए न्यूनतम घंटे तय करें। इसके साथ ही डेली या वीकली टारगेट सेट करें।

### एनसीईआरटी की लें मदद

बेसिक तैयारी के लिए एनसीईआरटी बुक्स बहुत अच्छी मानी जाती हैं। इस कारण 11वीं से ही इन बुक्स से तैयारी करें।

### क्लियर करें कॉन्सेप्ट

जेईई परीक्षा में आपके बेसिक्स की जांच होती है। पहले बेसिक कॉन्सेप्ट को समझें और इसके लिए थ्योरी पार्ट को पढ़ें।

### स्मार्ट स्टडी


हार्ड वर्क के साथ ही स्मार्ट वर्क करें। इसके लिए नोट्स बनाएं, इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स, फॉर्मूला, शॉर्टकट, रिएक्शन आदि के साथ स्मार्ट स्टडी करें।

### मॉक टेस्ट पेपर

अपनी स्पीड, लर्निंग एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट स्किल को परखने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट पेपर सॉल्व करें।

### कर सकते हैं कोचिंग

टफ और डाउट वाले प्रश्नों को आसानी से समझने के लिए आप कोचिंग भी ज्वॉइन कर सकते हैं।



# 12वीं में पीसीएम लेने के मतलब सिर्फ इंजीनियर बनना ही नहीं

**छात्रों के बीच एक आम धारणा है कि 12वीं में मैथ्य लेने का मतलब है इंजीनियरिंग करना और साइंस लेने का मतलब है डॉक्टर बनना, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर बच्चा सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना चाहता है। कई बच्चे ऐसे भी हैं जो अलग फील्ड में जाना चाहते हैं।**

## बन सकते हैं पायलेट

अगर आप बचपन से उड़ते हुए प्लेन को देख कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप पायलट पाठ्यक्रम भी चुन सकते है। इसका कोर्स प्राइवेट कॉलेज भी करवाते है। हवाई यात्रा सस्ती होने के साथ, विमान उद्योग तेज गति उन्नति कर रहा है और वाणिज्यिक पायलटों की आवश्यकता भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। यदि आप आकाश में उड़ना चाहते हैं और पायलट बनना कहते है तो यह कोर्स आपके लिए परफेक्ट है।

## मर्चेंट नेवी

यह कोर्स आज के समय में बेहतर ऑप्शंस है। इसमें आप मरीन इंजीनियरिंग, नॉटिकल साइंस, शिप मेंटेनेंस आदि कोर्स कर सकते हैं। यह देश में सबसे अधिक सैलरी देने वाले कोर्सेज में से एक है। इसमें आपको कई देशों का सफर करने का मौका मिलता है तथा देश की सेवा करने का भी मौका मिलता है। काफी युवा छात्र मर्चेंट नेवी को अपना करियर बनाते है यह छात्रों की एक मनपसंद फील्ड है।

## एनीमेशन का फील्ड

अगर आप क्रिएटिव हैं तो एनीमेशन के फील्ड में जा सकते हैं। 12वीं के बाद एनीमेशन की फील्ड में करियर बनाने का सपना काफी छात्रों का होता है। एनीमेशन की फील्ड काफी ज्यादा क्रिएटिव और मनोरंजक फील्ड है। इसमें छात्रों को कुछ नया करने को मिलता है। आज कल के समय में एनिमेटेड मूवीज, कार्टून्स काफी ज्यादा लोकप्रिय है ऐसे में एनीमेशन की फील्ड में बहुत कुछ कर दिखने का मौका है। कुछ साल पहले तक, केवल निजी संस्थान थे जो एनीमेशन के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करते थे, परन्तु अब काफी इंस्टीटूट्स खुल गए है जो एनीमेशन का कोर्स करवाते है तथा नौकरी भी दिलाते है।

## वीडियो गेम

कोरोना के बाद वीडियो गेम उद्योग बूस्ट पर चल रहा है। भारत में आज कई इंटरनेशन व नेशनल कंपनियां इस फील्ड में काम कर रही हैं। इस फील्ड में आपको कंप्यूटर लैंग्वेज पढ़ाई जाएगी और ग्राफिक डिजाइनिंग के बारे सिखाया जाता है। इस फील्ड में भी बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी की जरुरत है। इस फील्ड में वेतन भी बहुत अच्छा है तथा भविष्य भी बहुत बढ़िया है।

## एप डेवलपर

इस समय डिजिटल दुनिया में सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है ऐसे में एप डेवलपर का भविष्य बहुत ही अच्छा है। आप एप डेवलपिंग का कोर्स ज्वाइन कर के अपना करियर इस फील्ड में बना सकते है। इसमें वेतन भी बहुत ज्यादा मिलता है। आजकल सभी लोग अपना व्यवसाय ऑनलाइन करते जा रहे है ऐसे में सभी अपना एप बनवाते है और अपने बिजनेस को या प्रोडक्ट तो प्रमोट करते है इसलिए यह भी एक बहुत अच्छा करियर ऑप्शन है।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर

आज के समय में यहां सैकड़ों आईटी फर्म हैं और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। और ये आईटी फर्म एक बढ़िया 7 फिगर सैलरी देती है अपने सॉफ्टवेयर डेवलपर को। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल ये सभी कम्पनीज सॉफ्टवेयर डेवलपर हायर करती है और अच्छा वेतन देती है। आजकल तो सभी बैंक्स भी ऑनलाइन हो गए है और लगभग सभी ऑफिसेस भी अपना सॉफ्टवेयर डेवेलप करवाते है। ऐसे में ये एक ऐसा करियर है जिसमे कभी पीछे नहीं मुड़ना पड़ेगा। सभी आईटी फरम्स सॉफ्टवेयर डेवलपर को रखती है और अच्छा वेतन देती है।

## बीसीए भी है ऑप्शन

अगर आप 12 वीं के बाद करियर ऑप्शन देख रहे हैं तो आपके लिए बीसीए एक बढ़िया करियर ऑप्शन हो सकता है। अगर आपको कंप्यूटर में इंटरेस्ट है तो बीसीए आपके लिए बढ़िया चुनाव रहेगा। बीसीए करने के बाद आप किसी अच्छी आईटी कंपनी में जॉब कर सकते है और अगर आप बीसीए के बाद पोस्ट ग्रेजुएट एमसीए भी कर लेंगे तो कंप्यूटर की फील्ड में एक अच्छा करियर बना सकते है तथा उच्च वेतन की नौकरी भी मिल सकती है।



आप पेंटिंग या ड्राइंग के साथ अपना स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। पेंटिंग डिपार्टमेंट से आप म्यूरल के लिए भी जा सकते हैं।

# पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में बनाएं करियर

बदलते समय के साथ लोगों की सोच भी बदल रही है, खास कर ऐसे माता- पिता की जो अपने बच्चों पर बचपन से ही डॉक्टर-इंजीनियर बनने का दबाव डालते और इसे ही करियर के लिए सबसे बेहतर मानते थे। आज के समय में करियर के कई विकल्प खुल गए हैं। अब सिर्फ कॉमर्स या साइंस जैसे स्ट्रीम ही करियर की संभावना नहीं रह गया है। यही कारण है की मां-बाप अपने बच्चों को पसंद के अनुसार अपना करियर बनाने का मौका दे रहे हैं। इस समय फैशन एक ऐसा क्षेत्र है जो युवाओं को खुलकर जीने का मौका दे रहा है, जिससे आज युवा बैचलर ऑफ फाइन आर्ट की तरफ आकर्षित हो रहे हैं और पेंटिंग, ड्राइंग, मूर्तिकला के साथ अन्य कला में अपनी प्रतिभा निखारने के साथ अपना करियर बना रहे हैं।

## क्या है बैचलर ऑफ फाइन आर्ट

बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स का स्वरूप बहुत बड़ा है। इसमें छात्रों को नृत्य, चित्र, फोटोग्राफी, फिल्म, वास्तुकला, आदि की शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं, ज्यादातर शैक्षणिक संस्थानों में बीएफए चार सालों का कोर्स होता है। शुरूआती सालों में आपको विजुअल आर्ट के सभी विषयों की जानकारी दी जाती है लेकिन अंतिम साल में आपको स्पेशलाइजेशन के रुप में एक विषय चुनना होता है।

## जरूरी स्किल

अगर आप इस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है तो आपको कला की अच्छी समझ होनीं चाहिए। इसके लिए आपमें कल्पनाशीलता और क्रिएटिविटी जैसी स्किल की बेसिक जानकारी जरूरी है। इसके अलावा थिंकिंग पावर और ड्राइंग, पेंटिंग, स्कैचिंग की अच्छी समझ होना जरूरी है। वहीं इस फील्ड के लिए आप नए- नए एक्सपेरिमेंट करते रहना जरूरी है, जिससे आपकी कला का और विकास हो सके। एक पेंटर के रूप में, एक उम्मीदवार विभिन्न कलाकृतियां बना सकता है जैसे कि वाटर कलर पेंटिंग, ऑइल पेंटिंग, इंक वॉश पेंटिंग, ऐक्रेलिक पेंटिंग, पेस्टल कलर पेंटिंग, ग्लास पेंटिंग, एनकॉस्टिक पेंटिंग आदि। एक पेंटर आमतौर पर स्वतंत्र रूप से काम करता है या उसका प्रदर्शन करता है।

## करियर

यह एक ऐसा सेक्टर है जहां पर छात्रों को बीएफए कोर्स करने के बाद आसानी से जॉब मिल जाती है। आज कल बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में काफी बच्चों को दिलचस्पी होती है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स एडवरटाइजिंग कम्पनीज, आर्ट स्टूडियोज, बाउटिकेस आदि जगहों पर जॉब कर सकते हैं। आज के समय में बैचलर ऑफ फाइन आर्टस का क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं अच्छी पेंटिग्स भी लाखों- करोड़ो रुपए में बिक रही हैं, जिससे कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। अगर आप चाहें तो आप इसमें एमए करके रिसर्च के लिए जा सकते हैं और इसके बाद आप किसी प्राइवेट संस्थान या किसी सरकारी कॉलेज में पढ़ा सकते हैं। वैसे तो कोर्स पूरा होने के पहले ही अगर आपने मेहनत की तो आपको सफलता मिलनी शुरू हो जाती है, ज्यादातर को प्राइवेट संस्थानों में, घरों और ऑफिसों, सरकार की तरफ से दीवारों को सजाने या उनपर पेंट, पोर्ट्रेट बनाने जैसे काम मिलने शुरू हो जाते हैं। फ्रीलांस आर्टिस्ट के तौर पर भी आप कार्य कर सकते हैं।

## क्या होती है जॉब प्रोफाइल

एक पेंटर बनने के लिए आपको बीए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, बीएफए पेंटिंग, बीए इन पेंटिंग, बीए इन विजुअल आर्ट्स, बीएफए एप्लाइड आर्ट्स, एमएफए, एमए इन ड्राइंग एंड पेंटिंग, डिप्लोमा इन पेंटिंग का कोर्स करना पड़ेगा। जिसके बाद आप पेंटर, क्राफ्ट आर्टिस्ट, विजुअलाइजेशन प्रोफेशनल, इलेस्ट्रेटर, डिजिटल डिजाइनर, ग्राफिक डिजाइनर, आर्ट प्रोफेशनल, आर्ट डायरेक्टर, आर्ट कंजरवेटरआर्ट, डनेपनउ, आर्ट रेस्टोरेशन स्पेसलिस्ट, मुरलिस्ट पेंटर, कॉमिक आर्टिस्ट, एंटीरियर डिजाइनर से जॉब प्रोफाइल पर कार्य कर सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

## अनिल अंबानी की 2 कंपनी के शेयर बने रॉकेट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की बिकवाली के बीच शुक्रवार को अनिल अंबानी की दो लिस्टेड कंपनियों के शेयर रॉकेट की तरह बढ़े। यह दो कंपनियां- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड हैं। ट्रेडिंग के दौरान रिलायंस इंफ्रा के शेयर 13.52 प्रतिशत बढ़कर 243.50 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में यह 237.25 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर में 10.61 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। रिलायंस पावर के शेयर 5 प्रतिशत बढ़कर 22.13 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गए। शेयर का 52 वीक हाई 33.10 रुपये है। यह भाव जनवरी 2024 में था। इस शेयर ने निवेशकों को एक साल में 106 फीसदी रिटर्न दिया है। शेयर की कीमत में आज अचानक बढ़ोतरी तब हुई जब दोनों कंपनियों ने अलग-अलग एक्सचेंज फाइलिंग में एक अहम जानकारी दी है। इसमें कहा गया है-रिलायंस पावर ने 14 मार्च को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत रिलायंस पावर लिमिटेड की प्रमोटर रिलायंस इंफ्रा वित्तीय सुविधा के लिए कॉर्पोरेट गारंटर बनी है। फाइलिंग में आगे कहा गया है कि आईसीआईसीआई बैंक के पास रिलायंस इंफ्रा में 211 इक्विटी शेयर और रिलायंस पावर में 886 शेयर हैं। रिलायंस पावर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो दिसंबर तक प्रमोटर की हिस्सेदारी 24.49 फीसदी थी। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 75.51 फीसदी की थी। प्रमोटर में अनिल अंबानी के पास कंपनी के 4,65,792 शेयर हैं। इंडिविजुअल्स के अलावा प्रमोटर में रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रा भी शामिल है। रिलायंस इंफ्रा के पास कंपनी के 93,01,04,490 शेयर या 24.40 फीसदी हिस्सेदारी है। अनिल अंबानी की प प्रतिशती टीना अंबानी के पास कुल 4,12,708 शेयर हैं। बता दें कि रिलायंस पावर अपनी सहायक कंपनियों के साथ मिलकर भारत में बिजली उत्पादन में लगी हुई है। कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 416 गीगावॉट है। कंपनी की स्थापना 1995 में हुई थी।

## 5 टुकड़ों में बंटेगा वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का शेयर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर स्टॉक स्प्लिट की रिकॉर्ड डेट से एक दिन पहले आज शुक्रवार को 5 प्रतिशत के ऊपरी सर्किट में फंस गए। कंपनी के शेयर 1,407.45 रुपये पर पहुंच कर बंद हुए हैं। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने 1:5 के रेशियो में स्टॉक स्प्लिट का ऐलान किया है। सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी का स्टॉक पिछले सत्र में 1340.45 रुपये पर बंद हुआ था आज 5 प्रतिशत बढ़कर 1407.45 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। 16 मार्च, 2023 को स्टॉक 52-सप्ताह के निचले स्तर 124.79 रुपये तक गिर गया और 12 मार्च, 2024 को 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 1641 रुपये पर चढ़ गया था। एक साल में स्टॉक 1016 प्रतिशत बढ़ा है और इस साल 221 प्रतिशत बढ़ा है।

# तेजी से बढ़ रहा पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल का शेयर

### सालभर में 800 प्रतिशत चढ़ा भाव, अजय देवगन के पास हैं कंपनी के 1 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत तक चढ़ गए और 902.10 रुपये पर बंद हुए। बता दें कि इस शेयर में तेजी के पीछे पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के बैनर तले बनी फिल्म शैतान का सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन है। फिल्म की कमाई सिर्फ 8 दिन में 80 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल में अजय देवगन की बड़ी हिस्सेदारी है। हाल ही में अजय देवगन के इस कंपनी के 1 लाख शेयर खरीदे हैं।

### 274 रुपये के भाव पर किए गए 1 लाख शेयर अलॉट

बता दें कि देवगन को 274 रुपये प्रत्येक शेयर की कीमत पर 1 लाख शेयर अलॉट



किए गए, जिनकी कुल राशि 2.74 करोड़ रुपये थी। 4 मार्च को कारोबारी समय के अंत तक निवेश तीन गुना बढ़कर हो गया है। देवगन ने पैनोरमा स्टूडियो और इसके निर्माता कुमार मंगत पाठक द्वारा निर्मित कई फिल्मों में काम किया है, जिनमें दिल तो बच्चा है जी, रेड और दृश्यम शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में हम्बल मोशन पिक्चर्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ तीन पंजाबी फिल्मों, कैरी ऑन जेटिये, अरदास 3 और मंजे बिस्त्रे 3 के लिए सहयोग किया है।

### क्या है डिटेल

पैनोरमा स्टूडियोज़ ने दृश्यम फ्रैंचाइज़ी के हॉलीवुड रीमेक के लिए गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और फिल्म्स के साथ भी हाथ मिलाया है। चेयरमैन पाठक का टारगेट अगले तीन से पांच सालों में 10 देशों में दृश्यम का निर्माण करना है। यह एक प्रोड्यूसर और टैलेंट मैनेजर दोनों के रूप में देवगन के साथ उनके घनिष्ठ संबंधों को दर्शाता है।

### शेयरों ने दिए शानदार रिटर्न

पिछले छह महीने में पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल के शेयर ने 325 प्रतिशतका रिटर्न दिया है। इस साल ङ्खञ्जष्ठ में अब तक 150 प्रतिशत और सालभर में यह शेयर 800 प्रतिशत तक चढ़ चुका है।

## ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेकने भी खरीदे इलेक्टोरल बॉन्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईवी बस निर्माता ओलेट्रा ग्रीनटेक के शेयर 15 मार्च को 5 प्रतिशत गिर गए और 1686.50 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट एक खबर के बाद आई है। दरअसल, चुनाव आयोग के दस्तावेजों से पता चला कि इसकी होल्डिंग कंपनी, मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चुनावी बांड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार थी। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय समय सीमा से एक दिन पहले 14 मार्च को चुनावी बांड पर डेटा अपनी वेबसाइट पर डाल दिया। स्व्रद्गरु ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे। हैदराबाद की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये के चुनावी बांड खरीदे। इसके अगले महीने ही कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार की नोडल एजेंसी एमएमआरडीए द्वारा लगाई गई बोली में एलएंडटी को पछाड़कर ठाणे से बोरीवली परियोजना के लिए 14,400 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार शाम को चुनाव आयोग को उन संस्थाओं का विवरण सौंपा, जिन्होंने अब समाप्त हो चुके चुनावी बांड खरीदे थे और राजनीतिक दलों ने उन्हें प्राप्त किया था। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड जारी किए हैं। 15 मार्च को 12 बजे, बीएसई पर ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के शेयर 5 प्रतिशत गिरकर 1,701 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। स्टॉक एक सप्ताह में 11 प्रतिशत गिर रहा है और दिसंबर 2022 के बाद से अपने सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर अग्रसर है। पिछले एक महीने में स्टॉक में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, 15 मार्च को ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का प्रतिस्पर्धी जेबीएम ऑटो 0.7 प्रतिशत बढ़कर 1,880 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

## बदलेगा शेयर खरीदने-बेचने का तरीका, टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को मिली मंजूरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयरों की खरीदारी और बिक्री का तरीका बदलने वाला है। दरअसल, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दे दी है। सेबी ने कहा कि हितधारकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने 25 शेयरों और ब्रोकरेज के लिमिटेड सेट के साथ टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन को लॉन्च करने की मंजूरी दी है। सेबी इस कार्यान्वयन की तारीख से तीन महीने और छह महीने के अंत में स्थिति समीक्षा करेगा। इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। बता दें कि ज्यादातर सिक्योरिटीज अब तक टी+1 सेटलमेंट साइकल पर काम कर रहे थे। 2021 में टी+1 पेश किया गया और इसे चरणों में लागू किया गया, अंतिम चरण जनवरी 2023 में पूरा हुआ। टी+0 सेटलमेंट साइकल अब टी+1 चक्र के साथ एक विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। इस कदम से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ सकती है और जोखिम कम हो सकता है।

### कैसे होगा काम

टी+0 सेटलमेंट के तहत खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा जिस दिन खरीदारी की गई होगी। मान लीजिए कि आपने सोमवार के दिन शेयर बेच रहे हैं तो टी+0 के अनुसार सेटलमेंट पर उसी दिन यानी सोमवार को ही शेयरों के पैसे आपके अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएंगे। वहीं आपने शेयर खरीदे हैं तो ये शेयर भी सोमवार को ही आपके डीमैट अकाउंट में क्रेडिट हो जाएंगे। यही नियम टी+1, टी+2 और टी+3 सेटलमेंट में भी लागू होता है। वहीं, साप्ताहिक अवकाश को नहीं गिना जाता है।

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को राहत

सेबी ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) और प्रारंभिक शेयर बिक्री यानी आईपीओ के माध्यम से पैसे जुटाने की चाहत रखने वाली इकाइयों को छूट देना शामिल है। सेबी ने कहा कि इक्विटी शेयर के सार्वजनिक/राइट्स इश्यू में एक प्रतिशत सिक्योरिटी डिपॉजिट की जरूरत को खत्म करने और अप्रत्याशित घटना के कारण ऑफर समापन तिथि के विस्तार को लचीलापन बनाने का निर्णय लिया गया है। ये उपाय आईपीओ और धन जुटाने के लिए आने वाली कंपनियों के वास्ते व्यापार करना सुगम बनाने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

## अडानी ग्रुप के खिलाफ अमेरिका में शुरू हुई जांच!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी के अडानी ग्रुप के खिलाफ अमेरिका में जांच की जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ये जांच रिश्वतखोरी के एक आरोप को लेकर शुरू की गई है। ये पूरा मामला एक एनर्जी प्रोजेक्ट से जुड़ा बताया जा रहा है। अधिकारी ये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि अडानी समूह या इससे जुड़े लोगों ने क्या भारतीय अधिकारियों को एक एनर्जी प्रोजेक्ट में मन मुताबिक, काम करवाने के लिए रिश्वत देने में तो नहीं शामिल थे? इस जांच के दायरे में भारतीय रिन्युएबल एनर्जी कंपनी, अजोर पावर ग्लोबल लिमिटेड भी शामिल है। इससे पहले बीते वर्ष अमेरिका की एक शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप के खिलाफ एक रिसर्च पेपर जारी किया था। इसमें अडानी समूह को काफी नुकसान झेलना पड़ा था। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी समूह पर अपने स्टॉक्स के प्राइस के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। हालांकि अडानी समूह ने हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट का सिरे से खारिज कर दिया था।



इस मामले में अडानी ग्रुप का कहना है कि वह भारत और ग्लोबल लेवल पर भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का पालन करते हैं। ग्रुप को अपने चेयरमैन के खिलाफ किसी भी जांच की जानकारी नहीं है। इससे पहले भी अमेरिका की एक शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडानी ग्रुप पर कई आरोप लगाए थे। जिसका ग्रुप ने खंडन किया था। अडानी ग्रुप और एजूर दोनों भारत के नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में प्रमुख प्रतिस्पर्धी हैं और उन्होंने सौर परियोजनाओं के लिए अनुबंध हासिल किए हैं।

### पिछले वर्ष लगे थे आरोप

पिछले साल अवैध भुगतान के आरोपों के बीच समस्याओं का सामना करना पड़ा था और उसे न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज से हटा दिया गया। गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों सहित सभी पिछले आरोपों से इनकार किया है, उन्हें दुर्भावनापूर्ण और झूठी कहानियां करार दिया है। इसके समानांतर, भारत अडानी ग्रुप की अपनी जांच कर रहा है, जिसमें देश की शीर्ष अदालत ने नियामक जांच को तेजी से पूरा करने का आदेश दिया है।

## 1600 के पार जाएगा आजाद इंजीनियरिंग का शेयर

### एक्सपर्ट बोले- खरीदो, सचिन तेंदुलकर के पास भी हैं 4.5 लाख शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर पर मार्केट एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, जल्द ही यह शेयर 1600 रुपये के पार पहुंच सकते हैं। बता दें कि वर्तमान में आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर 1,212 पर हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने आजाद इंजीनियरिंग को 1600 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने की सलाह दी है। बता दें कि इस कंपनी के शेयर में दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समेत कई प्लेयर्स का दांव है। आजाद इंजीनियरिंग ने कई बड़ी डील की हैं। आजाद इंजीनियरिंग ने ऑयल एंड गैस कंपनी बेकर ह्यूजेस ने और पांच साल के स्ट्रैटेजिक सप्लाई एग्रीमेंट जीनियरिंग के साथ किया गया यह लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रैक्ट है। इस ऑर्डर में ऑयल फील्ड सर्विसेज के लिए मीडियम-टू-हाई कॉम्प्लेक्स प्रिसिशन मशीन्ड कंपोनेंट्स की सप्लाई की जानी है। इससे पहले इसने तेल और गैस सेक्टर के लिए कंपोनेंट्स की सप्लाई के लिए नुओवो पिग्नोन



एसआरएल के साथ एक समझौता किया था। इसके अलावा कंपनी ने हाल ही में रॉल्स रॉयस के साथ भी डील की है। बता दें कि आज़ाद इंजीनियरिंग को दिसंबर 2023 में नेट प्रॉफिट तीन गुना से अधिक हो गया और यह 16.8 करोड़ रुपये पर आ गया। हैदराबाद स्थित कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 3.83 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल आधार पर 49 प्रतिशत बढ़कर 89.23 करोड़ रुपये हो गया। सालभर पहले कंपनी का रेवेन्यू 68.8 करोड़ रुपये था। आज़ाद इंजीनियरिंग ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त नौ महीने के लिए 43.65 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी ने एक साल पहले की अवधि में 6.35 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा कमाया था।

बता दें कि आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों को दिसंबर 2023 में बीएसई और एनएसई पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक ने शेयर बाजार में अच्छी शुरुआत की थी। एनएसई पर इसके शेयर 720 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए थे। यह 524 रुपये प्रति शेयर के प्राइस बैंड से 37.40

# अमेरिका की अदालत ने बायजू को 533 मिलियन डॉलर ट्रांसफर करने से रोका

### इस फैसले को कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है

### कोर्ट ने आदेश में कहा यह पैसा कहीं इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडटेक कंपनी बायजू को फिर से झटका लगा है। बायजू को 1.2 बिलियन डॉलर का लोन का लोन देने वाले कंसोर्टियम के मेंबर्स के मुताबिक, अमेरिका की अदालत ने एडटेक कंपनी को 533 मिलियन डॉलर की रकम को ट्रांसफर करने या इस्तेमाल करने से रोक दिया है। ये रकम पहले हेड




फंड के पास थी, लेकिन अब इसे किसी अज्ञात ऑफशोर ट्रस्ट में ले जाया गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह पैसा कहीं इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है इस फैसले को कंपनी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है। इसी के साथ अदालत के जज जॉन टी. डोर्सी ने हेज फंड कैमशाफ्ट कैपिटल के फाउंडर विलियम मॉर्टन को गिरफ्तार करने का आदेश भी दिया है। बताया गया है कि मॉर्टन बार-बार अदालत में पेश होने और रकम के ट्रांसफर के बारे में जानकारी देने से इनकार कर रहे थे। निवेशकों के समूह के बयान के मुताबिक, अदालत ने पाया कि बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन और दिव्या गोकुलनाथ कंपनी बाजयू अल्फा के साथ मिलकर काम कर रहे थे, उन्हें अदालत के फैसले का पालन करने का आदेश दिया गया है। कथित तौर पर हेज फंड में पैसा ट्रांसफर करने से पहले बायजू ने अपनी मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड की अमेरिकी सहायक कंपनी बायजू अल्फा में टर्म लोन से 533 मिलियन डॉलर निवेश किए थे। बायजूस अल्फा अब अमेरिका में दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजर रही है।

### स्थिती का फायदा उठाने की कोशिश

बायजू के मुताबिक, पैसा हमेशा उनकी एक सब्सिडियरी में सुरक्षित रखा गया है और अदालत के आदेश के अनुसार यह वहीं रहेगा। कंपनी का कहना है कि यह तथाकथित समूह स्थिती का फायदा उठाने और अप्रत्याशित लाभ कमाने के लिए बायजू के कुछ बड़े निवेशकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस ग्रुप ने मीडिया में गलत कहानी फैलाने के लिए जज द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों को चुनकर पेश किया है। बाजयू

## मुक्त व्यापार समझौते पर भारत-ब्रिटेन की बातचीत थमी, लोकसभा चुनाव के बाद होगा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो जाएगा, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा। ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

### मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत ब्रिटेन ने जताई प्रतिबद्धता

एक अधिकारी ने बताया कि



दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके। दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी बीते हफ्ते ऐसा ही कहा था कि जब तक समझौता भारतीय लोगों और भारतीय अर्थव्यवस्था के हित में नहीं होगा, हम इस पर आगे नहीं बढ़ेंगे। ब्रिटेन चाहता है कि भारत, ब्रिटेन से होने वाले निर्यात पर टैरिफ घटाए, जो कि अभी 150 प्रतिशत जितना ज्यादा है। वहीं भारत चाहता है कि ब्रिटेन में काम करने वाले भारतीयों के मामले में नियम निष्पक्ष रहें और उन्हें नेशनल इंश्योरेंस के तहत कवर किया जाए। वहीं ब्रिटेन की मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारत सरकार भी ब्रिटेन में आगामी आम चुनाव का इंतजार कर रहा है, क्योंकि ब्रिटिश चुनाव में अगर लेबर पार्टी को जीत मिलती है तो भारत को लेबर पार्टी से अच्छी डील मिलने की उम्मीद है। बीते दिनों लेबर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने भी भारत का दौरा किया था और उन्होंने दिल्ली में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात भी की थी।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो साल के उच्चतम स्तर पर, निर्यात में भी 12 फीसदी का इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.10 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले दो वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इससे संबंधित आंकड़े जारी किए। विदेशी मुद्रा भंडार में 14 जुलाई, 2023 को समाप्त सप्ताह के बाद से सबसे बड़ा उछाल आया है।

इससे पहले, 1 मार्च, 2024 को समाप्त सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 बिलियन डॉलर बढ़कर 625.63 बिलियन डॉलर हो गया। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन हफ्ते में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 8.12 अरब डॉलर बढ़कर 562.35 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में डॉलर की तुलना में हुई वृद्धि या कमी के प्रभावों का आकलन किया जाता है।

समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि एसडीआर इस दौरान 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.21 अरब डॉलर



हो गया। इस दौरान आईएमएफ में देश का रिजर्व पोजिशन 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.82 बिलियन डॉलर हो गया।

अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमरीकी डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद वैश्विक उथल-पुथल से बने दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की मजबूती बनाए रखने के लिए कथित तौर पर इसका इस्तेमाल किया जिससे इसके भंडार में गिरावट दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक समय-समय पर नकदी प्रबंधन के माध्यम से बाजार में हस्तक्षेप करता है। इसके तहत रुपये में भारी गिरावट को थामने के लिए डॉलर की बिक्री करना भी शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा बाजारों पर कड़ी निगरानी रखता है केवल संभावित अस्थिरता की स्थिति में हस्तक्षेप करता है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में देश का निर्यात 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब डॉलर रहा जो चालू वित्त वर्ष में सर्वाधिक है जबकि इस दौरान व्यापार घाटा 18.7 अरब डॉलर रहा।

फरवरी महीने में आयात का मूल्य 60.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो फरवरी 2023 में 53.58 प्रतिशत की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2023 में निर्यात का आंकड़ा 37.01 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने संवाददाताओं से कहा कि फरवरी महीने के दौरान निर्यात में चालू वित्त वर्ष के 11 महीनों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस बात पर भी विश्वास व्यक्त किया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले साल के रिकॉर्ड निर्यात से भी अधिक होगा।

संक्षिप्त समाचार

## स्वीयाटेक का खिताबी मुकाबला सकारी से होगा



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने सेमीफाइनल में नंबर 31 सीड यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 6-2, 6-1 से हराकर परीबा ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली जहां उनका मुकाबला वर्ल्ड नंबर 9 मारिया सकारी से होगा, जिन्होंने शिखर मुकाबले में पहुंचने के लिए शुक्रवार को कोको गॉफ को तीन कड़े सेटों में हराया। कोर्ट पर स्वीयाटेक का दबदबा स्पष्ट था और उन्होंने कोस्त्युक की अनियमित शुरुआत का फायदा उठाया। कोस्त्युक के फिर से संगठित होने के प्रयासों के बावजूद, स्वीयाटेक ने पूरे मैच में सटीकता और नियंत्रण प्रदर्शित करते हुए अपनी गति बनाए रखी। पैर की चोट के कारण यूक्रेनी खिलाड़ी की चुनौतियाँ और भी जटिल हो गई थीं जिसके कारण मेडिकल टाइमआउट करना पड़ा, जिससे स्थिति स्वीयाटेक के पक्ष में और अधिक झुक गई।स्वीयाटेक ने टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में अपना कौशल दिखाते हुए, कोर्ट पर केवल 69 मिनट के बाद जीत पक्की कर ली।

## दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच फायनल मैच आज



### महिला प्रीमियर लीग की विजेता पर होगी पैसों की बरसात, मिलेगी रणजी चैंपियन से भी बड़ी राशि

नई दिल्ली (एजेंसी)। 17 मार्च यानी रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमें पूरे सीजन जबरदस्त फॉर्म में दिखी। दिल्ली ने पिछले सीजन की तरह इस सीजन भी शानदार क्रिकेट खेला और लगातार दूसरी बार फाइनल में आ गई। हालांकि इस बार उनकी नजरें अब ट्रॉफी पर होंगी।

आरसीबी का सीजन पिछले साल काफी खराब गया था। लेकिन इस बार उन्होंने शानदार कमबैक किया और आरसीबी भी अपनी पहली डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी को जीतने के लिए कुछ भी करने को तैयार होगी। ऐसे में दोनों टीमों के बीच गजब का फाइनल होने की पूरी उम्मीद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जो टीम इस साल महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतेगी। तो उसे कितनी प्राइज मनी मिलेगी? महिला प्रीमियर लीग 2023 में जब मुंबई इंडियंस चैंपियन बनी थी। तो उन्हें खिताब जीतने के लिए 6 करोड़ रुपये मिले थे।

वहीं रनर्स अप दिल्ली कैपिटल्स को 3 करोड़ की प्राइज मनी मिली थी। हालांकि अभी तक तो बीसीसीआई ने महिला प्रीमियर लीग की प्राइज मनी को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया है। तो ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी डब्ल्यूपीएल जीतने वाली टीम को 6 करोड़ की प्राइज मनी मिलेगी जबकि रनर्स अप को 3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

# यूएई में हो सकते हैं भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच

### टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय; एशिया कप के लिए भी वहां नहीं गई थी

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में होगी। भारत के यहां मैच खेलने पर फिर संशय है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है। ICC के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने PTI से कहा, 'यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, ICC वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा।' फिलहाल दुबई में ICC बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग चल रही है। यह विषय मीटिंग के एजेंडे में शामिल नहीं है, लेकिन मीटिंग के इतर मेंबर्स के बीच इस पर चर्चा हो सकती है।





### भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी। एशिया कप फाइनल की पूरी खबर पढ़ें


### शाह से आश्वासन लेने की कोशिश करेगा पाकिस्तान बोर्ड

चैंपियंस ट्रॉफी पर बातचीत ICC की बैठक के एजेंडे में नहीं है, लेकिन PCB के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वे BCCI सचिव जय शाह और ICC के शीर्ष अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे।

ICC बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि भारतीय बोर्ड टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा, लेकिन UAE में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्र ने यह भी कहा कि यह एशिया कप जैसा उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट नहीं, बल्कि वैश्विक टूर्नामेंट है।

### टीम इंडिया को वहां ज्यादा खतरा

पाकिस्तान जाने के सवाल पर क्र्ष्टद्ध के पूर्व पदाधिकारी ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या इंग्लैंड की तुलना में भारतीय क्रिकेट टीम को खतरे की संभावना अधिक है। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के रिश्ते अभी ठीक नहीं है। पाकिस्तान में बैठे आतंकियों का निशाना भारत पर ही रहता है। ऐसे में भारत के खिलाड़ियों को पाकिस्तान में आतंकियों से खतरा हो सकता है। पाकिस्तान में श्रीलंका क्रिकेट टीम पर आतंकी हमला हो चुका है।




### ICC के अपकमिंग इवेंट

- पाकिस्तान में करीब 29 साल के लंबे इंतजार के बाद कोई ICC टूर्नामेंट खेला जाएगा। आखिरी बार साल 1996 के वनडे वर्ल्ड कप के कुछ मुकाबले पाकिस्तान में खेले गए थे।
- पाकिस्तान में करीब 29 साल के लंबे इंतजार के बाद कोई ICC टूर्नामेंट खेला जाएगा। आखिरी बार साल 1996 के वनडे वर्ल्ड कप के कुछ मुकाबले पाकिस्तान में खेले गए थे।

## पूर्व क्रिकेटर का दावा- विराट कोहली के बिना भारत टी20 विश्व कप नहीं जीत सकता



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चर्चाएं हैं कि विराट कोहली को आगामी टी20 विश्व कप के दौरान टीम इंडिया में नहीं चुना जाएगा। आशंका है कि बीसीसीआई अब युवा प्लेयरों पर भरोसा जता रही है जोकि विंडीज और यूएसए में होने वाले विश्व कप में बढ़िया प्रदर्शन करने का दावा करते नजर आ रहे हैं। लेकिन इसी बीच पूर्व क्रिकेटर और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष क्रिस श्रीकांत ने कहा है कि विराट के बिना टीम इंडिया के लिए टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है। श्रीकांत ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि विराट कोहली टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। उसे टीम में रहना होगा। वह हमें 2022 में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ले गए और वनडे विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे।

## मिचेल स्टार्क आईपीएल में वापसी को लेकर रोमांचित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी पर रोमांचित हैं और उन्होंने अपनी वापसी को लेकर खुलकर बात की है। लगभग नौ वर्षों के बाद, स्टार्क आगामी 2024 संस्करण में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रंग में रंगते हुए, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करने के लिए तैयार है।



नीलामी में स्टार्क की 24.70 करोड़ रुपये की भारी कीमत ने सुर्खियां बटोरीं, जिसने उन्हें गुजरात टाइटन्स के साथ एक जबरदस्त बोली युद्ध के बाद आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज, जिन्होंने आईपीएल के शुरुआती सीज़न में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व किया था, केकेआर के साथ इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने फेंचाइजी के साथ फिर से जुड़ने की संभावना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया है। अपनी आईपीएल यात्रा पर विचार करते हुए, स्टार्क ने लीग में अपने पिछले कार्यकाल और 2018 में केकेआर में शामिल होने से हटने के अपने फैसले को स्वीकार किया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ आईपीएल के दो सीज़न खेले और दोनों अभियानों में 34 विकेट लिए थे। एक साक्षात्कार में, स्टार्क ने आईपीएल के गतिशील वातावरण को अपनाने के लिए अपनी तत्परता पर जोर देते हुए, आगामी चुनौती के लिए अपना उत्साह साझा किया। टीम साथियों की एक नई सूची और नए उद्देश्य की भावना के साथ, स्टार्क दुनिया की प्रमुख टी20 प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है, और व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के अवसर का आनंद ले रहे हैं।

### राष्ट्रमंडल खेल विजेता लड़कियों के हॉस्टल में घुसा, शिविर से बाहर,

## वेटलिफ्टिंग महासंघ ने की कार्रवाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनआईएस पटियाला में इस वक्त पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और महिला पहलवानों के शिविर चल रहे हैं। संस्थान में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के अलग-अलग हॉस्टल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता वेटलिफ्टर को लड़कियों के हॉस्टल में घुसने पर पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के शिविर से निकाल दिया गया। एनआईएस पटियाला में बृहस्पतिवार रात को घटी घटना में इस वेटलिफ्टर को हॉस्टल के अंदर सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया। हड़कंप मचने पर मामले की सूचना संस्थान के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक के साथ दिल्ली स्थित साई हेडक्वार्टर और भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ को दी गई। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए वेटलिफ्टर को तत्काल शिविर से निकालते हुए शुक्रवार को घर वापस भेज दिया गया।

### सुरक्षा कर्मियों ने बनाया वीडियो

एनआईएस पटियाला में इस वक्त पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग और महिला पहलवानों के शिविर चल रहे हैं। संस्थान में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के अलग-अलग हॉस्टल हैं। महिलाओं के हॉस्टल में पुरुष खिलाड़ियों का प्रवेश वर्जित है। गेम्स रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाला खिलाड़ी बृहस्पतिवार की रात पीटी उषा गर्ल्स हॉस्टल में घुसा तो उसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया और वीडियो बना लिया।

### वेटलिफ्टिंग महासंघ ने की कार्रवाई

भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता बरदाश्त नहीं की जाएगी, इसी लिए खिलाड़ी को शिविर से निष्कासित किया गया है। यह पहला मामला नहीं है जब महासंघ ने किसी नामी वेटलिफ्टर को अनुशासनहीनता पर शिविर से बाहर किया है।

## क्रिकेट में पहली बार बना ये बड़ा कीर्तिमान

### रोहित-विराट छूटे काफी पीछे, इस प्लेयर ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** आयरलैंड की टीम ने पहले टी-20 मैच में अफगानिस्तान को 38 रनों से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आयरलैंड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 149 रन बनाए, जिसके जवाब में अफगानिस्तानी टीम 111 रनों पर ऑलआउट हो गई। मैच में आयरलैंड के एक स्टार खिलाड़ी ने बड़ा कीर्तिमान बना दिया है।



### पहली बार हुआ ऐसा

आयरलैंड को कप्तान पॉल स्ट्रलिंग और एंड्रयू बालबर्नी ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। बालबर्नी 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं पॉल स्ट्रलिंग ने 27 गेंदों में 25 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। इसी के साथ पॉल स्ट्रलिंग ने टी-20 में 400 चौके पूरे कर लिए। टी-20 में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने 400 चौके जड़े हैं।

## गावस्कर ने रणजी खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने की वकालत की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से आग्रह करते हुए घरेलू क्रिकेटरों, खासकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट से जुड़े क्रिकेटरों के लिए पारिश्रमिक में उल्लेखनीय वृद्धि करने की वकालत की है। टेस्ट क्रिकेटरों को प्रोत्साहन देने के बीसीसीआई के हालिया कदम की सराहना करते हुए, गावस्कर ने राष्ट्रीय टीम के लिए प्राथमिक फीडर प्रणाली रणजी ट्रॉफी का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया। गावस्कर ने कहा, बीसीसीआई द्वारा खेलने वालों को पुरस्कृत करना एक अद्भुत बात है, लेकिन मैं बीसीसीआई से यह भी अनुरोध करूंगा कि वह यह सुनिश्चित करे कि टेस्ट टीम के फीडर, जो कि रणजी ट्रॉफी है, का भी ध्यान रखा जाए। अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो निश्चित रूप से बहुत अधिक लोग रणजी ट्रॉफी खेलेंगे।

## वॉटसन ने पाकिस्तान टीम का हेड कोच बनने से किया इनकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की रेस से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी के पसंदीदा उम्मीदवार माने जा रहे वॉटसन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के हेड कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं। पिछले एक सप्ताह से ऐसी चर्चाएं थी कि पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज से पहले शेन वॉटसन को टीम का हेड कोच बना दिया जाएगा, लेकिन वॉटसन ने खुद को इस दौड़ से बाहर कर लिया है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि वॉटसन तो पीसीबी के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन उन्होंने पहले से दी हुई प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हुए इस जिम्मेदारी के लिए इनकार किया है। शेन वॉटसन के पास अभी आईपीएल में कॉमेंट्री डील, क्वेटा ग्लैडिएटर्स के साथ उनकी भूमिका और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के साथ मेजर लीग क्रिकेट में प्रमुख कोचिंग की प्रतिबद्धता है। इसके अलावा उनका परिवार भी है जो सिडनी में रहता है।

### पैसों पर बिगड़ी बात?

शेन वॉटसन के हेड कोच की रेस से हटने के पीछे यह भी कहा जा रहा है कि फीस को लेकर बात बिगड़ी है, लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट में कहा है कि फीस को लेकर कोई मसला नहीं था। पीसीबी ने वॉटसन को 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर सालाना की पेशकश की थी। वॉटसन के फैसले के पीछे फीस का कोई मसला नहीं है। उन्होंने पहले से चल रही प्रतिबद्धताओं की वजह से यह फैसला लिया है। शेन वॉटसन पिछले साल के अंत में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के हेड कोच बने थे। उन्होंने 2019 में इसी फ्रेंचाइजी के लिए खिताब भी जीता था।

## एलिस पैरी को टाटा ने दिया यादगार गिफ्ट कुछ दिन पहले ही किया था उनका नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की हरफनमौला एलिस पैरी को डब्ल्यूपीएल 2024 के एलिमिनेटर मुकाबले के बाद एक ऐसा गिफ्ट मिला है जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रहेगा। ञ्जड्ड ने उन्हें एमआई वर्सेस आरसीबी मुकाबले के बाद एक टूटा हुआ कांच गिफ्ट किया है। यह वही गाड़ी कांच है जिसे एलिस पैरी ने अपने धमाकेदार शॉट के साथ तोड़ा था। बता दें, वुमेंस प्रीमियर लीग के 11वें मुकाबले के दौरान एलिस पैरी ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ एक ऐसा छक्का लगाया था जो सीधा बाउंड्री के बाहर खड़ी गाड़ी पर जाकर लगा था। पैरी ने यह शीशा तोड़ सिक्स 19वें ओवर में जड़ा। यह ओवर दीप्ति शर्मा ने डाला। गेंद कार के बैक सीट के शीशे पर जाकर लगी थी और शीशा चकनाचूर हो गया था। शीशा टूटने के बाद पैरी हैरान नजर आई और अपना सिर पकड़ लिया। पैरी को उसी कांच के टुकड़ों को एक फ्रेम में जोड़कर गिफ्ट किया गया। इस गिफ्ट को लेते हुए पैरी की हंसी नहीं रुक रही थी।






# अंदाज अपना अपना के सीक्वल पर आमिर ने दिया बड़ा अपडेट

**आमिर खान अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके बर्थडे पर फैंस उन्हें जमकर बधाइयां दे रहे हैं। इस मौके पर अभिनेता पैपराजी के साथ जश्न मनाते नजर आए। पैपराजी के साथ केक काटने के दौरान उनकी पूर्व पत्नी किरण राव भी अभिनेता के साथ मौजूद थीं।**

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक बातचीत के दौरान उन्होंने कल्ट क्लासिक कॉमेडी अंदाज अपना अपना के सीक्वल पर हिंट देते हुए फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। बातचीत के दौरान आमिर खान ने खुलासा किया कि निर्देशक राजकुमार संतोषी सक्रिय रूप से सीक्वल पर काम कर रहे हैं। लाइव सेशन के दौरान आमिर खान ने फैन्स और दर्शकों से बातचीत की और एक बड़ा खुलासा करते हुए साझा किया कि संतोषी अंदाज अपना अपना 2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह अभी शुरुआती चरण में है और इसे लेकर उत्साहित होना जल्दबाजी होगी। साल 1994 में आई फिल्म अंदाज अपना अपना ने अपनी कॉमेडी से लोगों के लिए में खास जगह बनाई है। संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आमिर खान, सलमान खान, रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर जैसे कलाकार शामिल थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो आमिर को आखिरी बार लाल सिंह चड्ढा नाम की फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी। हालांकि, टिकट खिड़की पर यह फिल्म सफल नहीं हो सकी थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने अभिनय से ब्रेक ले लिया था। अब वे जल्द ही सितारे जमीन पर नाम की फिल्म के साथ वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म को इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है। वहीं, वे सनी देओल स्टारर लाहौर 1947 का निर्माण भी कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। इस फिल्म से प्रीति जिंटा लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं।



# 100 करोड़ी फिल्में देने में सबसे आगे हैं ये अभिनेत्रियां

**हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बहुत से अभिनेताओं की फिल्में 100 करोड़ क्लब में शामिल हैं, लेकिन क्या आपने उन अभिनेत्रियों के बारे में सुना हैं, जो बड़ी संख्या में 100 करोड़ी फिल्म का हिस्सा रह चुकी हैं। आइए उन अदाकाराओं के बारे में जानते हैं, जिनकी कई फिल्में इस क्लब में शामिल हैं।**

## कैटरीना कैफ

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक कैटरीना कैफ का नाम इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। फिल्म बूम से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अब तक एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों में काम किया है। उनकी अब तक कुल नौ फिल्में 100 करोड़ी क्लब में शामिल हो चुकी हैं। टाइगर 3 उनकी आखिरी फिल्म थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर यह कारनामा किया था।

## दीपिका पादुकोण

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में दीपिका का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उनकी फिल्में फैंस को खूब पसंद आती हैं। दीपिका अब तक कुल दस 100 करोड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। उनकी आखिरी फिल्म फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से अधिक की कमाई की थी।

## करीना कपूर खान

करीना कपूर खान की गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। वे अब तक कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। करीना अपनी अदाकारी से लाखों दिलों पर राज करती हैं। उनकी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करती हैं। करीना की सात फिल्में 100 करोड़ी क्लब का हिस्सा रही हैं।

## आलिया भट्ट

बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक आलिया भट्ट भी कई 100 करोड़ी फिल्मों में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आ चुकी हैं। स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री की आठ फिल्में 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी हैं। उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने 150 करोड़ से अधिक की कमाई की थी।



# न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र पैनल का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर

छोटे पर्दे से अभिनय करियर की शुरुआत करने वालीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर बॉलीवुड के साथ-साथ टॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। अभिनेत्री ने शाहिद कपूर और ऋतिक रोशन जैसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है। वहीं, अब अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और गर्व की बात है। मृणाल ठाकुर आज यानी 14 मार्च को यौन हिंसा की मानवीय लागत नामक एक आगामी पैनल चर्चा में भाग लेने वाली हैं। अभिनेत्री, पैनल में विषय पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ शामिल होंगी। मृणाल ठाकुर इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा की मानवीय लागत नामक एक आगामी पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार हैं। मानव तस्करी की गंभीर वास्तविकता पर प्रकाश डालने वाली लव सोनिया जैसी फिल्मों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए जानी जाने वालीं मृणाल ठाकुर पैनल में शामिल होंगी। अभिनेत्री फिलहाल भारत में अपनी आगामी फिल्म द फैमिली स्टार के प्रचार अभियान में व्यस्त हैं। पैनल का उद्देश्य संघर्ष क्षेत्रों में यौन हिंसा के वैश्विक संदर्भ और प्रभाव का पता लगाना है, जिसमें मानव तस्करी के साथ इसके संबंध भी शामिल हैं। लव सोनिया में तस्करी के पीड़ितों द्वारा सामना किए गए कष्टदायक अनुभवों के चित्रण को देखते हुए, अभिनेत्री की उपस्थिति चर्चा में महत्वपूर्ण वजन जोड़ती है। पैनल में मृणाल के साथ माशा एफ्रोसिनिना, फौजिया कूफी, कोहव एल्कायम लेवी, मीजा गेब्रेमेधिन और एरीग एलहागविल जैसी नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर मजबूत बातचीत और वकालत के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। कार्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, मृणाल ठाकुर ने कहा, इस पैनल चर्चा का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लव सोनिया सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। यह मानवता के सबसे अंधेरे कोनों में एक यात्रा थी, जो अकल्पनीय घटनाओं पर प्रकाश डालती है। अपनी भूमिका के माध्यम से, मुझे इस मुद्दे की जटिलताओं को गहराई से समझने का अवसर मिला, और तब से यह एक ऐसा मुद्दा बन गया है जो अविश्वसनीय रूप से मेरे दिल के करीब है।




# प्यार के मामले में ओल्ड-स्कूल हैं कृति

नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। यह शो अपने पिछले सीजन से काफी अलग और बेहतर है। नो फिल्टर नेहा के इस सीजन में अभी तक शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर खान बतौर मेहमान आ चुके हैं। वहीं शो के आगामी एपिसोड में कृति सेनन अपनी निजी जिंदगी के बारे में से नेहा बातें करती नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर नेहा और कृति के इस एपिसोड का प्रोमो काफी वायरल हो रहा है। बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। यूट्यूब पर जारी किए गए शो के प्रोमो में नेहा कृति से पूछती हैं कि उन्हें कैसे जीवनसाथी की तलाश है। इस सवाल के जवाब में कृति कहती हैं, सच कहूं तो मुझे डेटिंग ऐप्स पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। मैंने अपने आस-पास के लोगों को बता रखा है कि मुझे एक जीवन साथी की तलाश है और उसे ढूंढने में वे मेरी मदद करें। कृति सेनन अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं प्यार को लेकर एकदम पुरानी सोच रखती हूं। मुझे एक ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो मेरे साथ बिल्कुल ईमानदार हो और मुझ से बहुत प्यार करे। मेरे लिए वफादार होना बहुत मायने रखता है।

# 24 मई को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी

मनोज बाजपेयी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म भैया जी रिलीज के लिए तैयार है। आज अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से फिल्म के पोस्टर को साझा किया है। साथ ही साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। अभिनेता मनोज बाजपेयी बॉलीवुड में अलग किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। उनकी हर फिल्म उनकी पिछली फिल्म से अलग होती है। आज अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म भैया जी के पोस्टर को साझा किया है। पोस्टर में मनोज ठेठ गांव वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। मनोज धोती-कुरता और कोट पहन सड़क पर बैठे दिख रहे हैं। भैया जी के लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने होंठों के बीच बीड़ी दबा रखा है। मनोज बाजपेयी ने अपनी आगामी फिल्म भैया जी के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, आ रहे हैं वो। इस पोस्टर को देखकर ही मनोज के फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्टर के साथ-साथ फिल्म की टीजर के रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। 20 मार्च 2024 को भैया जी फिल्म के टीजर को रिलीज किया जाएगा। भैया जी साल 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक फिल्म है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी भैया जी के किरदार में नजर आने वाले हैं। दर्शक अभी से जानने को बेताब हैं कि यह फिल्म किस दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। तो आइए आपको बता देते हैं भैया जी 24 मई 2024 को आपके नजदीकी सिनेमा घरों में रिलीज होगी।





# स्कूप ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज स्कूप ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया। लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, सीरीज स्कूप से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर स्कूप ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया। एक्ट्रेस ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा। यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें सपोर्ट मिला, करिश्मा ने कहा, नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था। एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं। करिश्मा ने आगे कहा, मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले। उन्होंने कहा, मैंने बस उस जुनून और अपने सपने को जीया और मैंने इसे भगवान और अपनी मां पर छोड़ दिया। मैंने कड़ी मेहनत की और सब कुछ वैसा ही हुआ, जैसा मैं चाहती थी।

# सोनू सूद ने साझा किया फतेह का पहला पोस्टर, इस दिन जारी होगा फिल्म का टीजर

सोनू सूद अपनी नेकी के साथ-साथ अपने दमदार अभिनय के बूते भी दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। सोनू सूद की आगामी फिल्म फतेह का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। आज अभिनेता ने अपनी इस फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया है, जो धमाकेदार है। इसी के साथ फिल्म की टीजर रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। आज जारी हुए फिल्म के पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फतेह एक्शन से भरपूर होगी।

## सोनू सूद ने साझा किया पोस्ट

सोनू सूद एक बार फिर बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। आज उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से फतेह का पहला पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर सोनू सूद का हाथ है। उन्होंने पेन पकड़ा हुआ है। हाथ में कड़ा है। और खून टपकचा नजर आ रहा है। साइबर क्राइम थ्रिलर में सोनू को एक अलग अवतार में दिखाया जाने वाला है। इसके साथ सोनू सूद ने कैप्शन लिखा है, कभी भी किसी को कम मत समझो! फतेह के साथ पावर-पैक एक्शन के लिए तैयार हो जाइए।

## सोनू के निर्देशन में पहली फिल्म

सोनू की इस आगामी फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। यह सोनू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। फिल्म में एक्शन का धमाल होगा। एक्शन सीन हॉलीवुड स्टंट स्पेशलिस्ट ली व्हिटेकर की देखरेख में किए गए हैं।

